PRGI No. RJHIN/25/A3844 डाक पंजीयन G/JJN/053/2024-26 Valid up to 31 dec. 2026

दैनिक
# भीम प्रज्ञा

2009 से स्थापित

सम्यक, न्याय, स्वतंत्रता, समानता, बंधुता, एवं सामाजिक चेतना के लिए रचनात्मक पत्रकारिता

www.bheempragya.in | वर्ष-1 | अंक-159 | झुंझुनू (राजस्थान) | रविवार, 3 मई, 2026 | Email.bheempragya@gmail.com | पृष्ठ-8 | मूल्यः 5.00

**भीम प्रज्ञा अलर्ट**

'सम्मान पद से नहीं, बल्कि कर्म से मिलता है; और सच्ची पहचान वही है, जो आपके जाने के बाद भी समाज में जीवित रहे। '

गांव के गुवाड़ से निकलकर प्रकाशित होने वाले दैनिक अखबार भीम प्रज्ञा की मजबूती के लिए पाठक बनिए और बनाइए अपनी प्रतिक्रिया दीजिए

हेल्पलाइन - 9983040937

Bheem Pragya publication
A/C No: 61347330768
IFSC Code- SBIN0031880
Phone pe , G-pay
9983040937

## सम्पादकीय



एडवोकेट हरेश पंवार
Contact No. 9983040937

**मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है**

## 'सेवानिवृत्ति के बादः पद का मोह या समाज के प्रति दायित्व? '

सेवानिवृत्ति जीवन का वह पड़ाव है, जहाँ व्यक्ति अपने बीते वर्षों का मूल्यांकन करता है और यह तय करता है कि आगे का जीवन किस दिशा में सार्थक बने। लेकिन वर्तमान सामाजिक परिदृश्य में एक विचित्र प्रवृत्ति तेजी से उभर रही है—कई लोग नौकरी से रिटायर होने के बाद भी 'पद' और 'प्रतिष्ठा' के मोह से मुक्त नहीं हो पा रहे। वे सामाजिक संगठनों का गठन कर, स्वयं को उच्च पदों पर स्थापित कर, मंचों पर बैठकर वही सम्मान पाने की कोशिश करते हैं, जो उन्हें नौकरी के दौरान मिला करता था। यह एक प्रकार का मनोवैज्ञानिक विस्तार है, जहाँ व्यक्ति पद छोड़ देता है, लेकिन पद की मानसिकता नहीं छोड़ पाता। यहां मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है।

यह भी सच है कि कुछ लोग सेवानिवृत्ति के आसपास 'समाज सेवा' का स्वांग रचने लगते हैं। बड़े-बड़े अभिनंदन समारोह, प्रभावशाली चेहरों की उपस्थिति, फूल-मालाओं और सोशल मीडिया की चमक—यह सब मिलकर एक कृत्रिम छवि गढ़ने का प्रयास करते हैं। लेकिन समाज अब पहले जैसा भोला नहीं रहा। वह व्यक्ति के आचरण का गहराई से मूल्यांकन करता है। समाज एक ऐसा आईना है, जिसमें केवल बाहरी चमक नहीं, बल्कि भीतर की सच्चाई भी साफ दिखाई देती है। प्रश्न यह नहीं है कि किसी ने रिटायरमेंट पर समारोह किया या नहीं, बल्कि यह है कि उसने अपने कार्यकाल में समाज के लिए क्या किया? सरकारी सेवा में रहते हुए व्यक्ति को जो वेतन मिलता है, वह जनता के टैक्स का पैसा होता है। यह केवल व्यक्तिगत जीवन-यापन का साधन नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने का अवसर भी होता है। यदि कोई व्यक्ति अपने पूरे सेवा काल में समाज के अंतिम पायदान के व्यक्ति के लिए कुछ नहीं कर पाया, तो सेवानिवृत्ति के बाद दिखावटी आयोजनों से उसकी छवि नहीं बदल सकती। इसके विपरीत, समाज में ऐसे भी उदाहरण हैं जो प्रेरणा देते हैं। एक व्यक्ति, जिसने अपने सेवा काल में अपनी आय का एक हिस्सा गरीब बच्चों की शिक्षा पर खर्च किया, और सेवानिवृत्ति के बाद अपनी पेंशन का आधा हिस्सा लगाकर एक निशुल्क विद्यालय शुरू किया। उसने अपने घर को ही स्कूल बना दिया, खुद सादगी से जीवन जीते हुए बच्चों को शिक्षा का प्रकाश दे रहा है। न कोई प्रचार, न कोई दिखावा—केवल कर्म। यही वह सच्ची समाज सेवा है, जिसे पहचान और सम्मान मिलना चाहिए। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम सेवानिवृत्ति के बाद की भूमिका को पुनर्परिभाषित करें। यह समय समाज को लौटाने का है, न कि समाज से और अधिक लेने का। जो लोग जीवन भर पद और सुविधाओं का लाभ उठाते रहे, उनका दायित्व बनता है कि वे अपने अनुभव और संसाधनों का उपयोग समाज की बेहतरी के लिए करें—विशेषकर युवा पीढ़ी को सही दिशा देने में। दुर्भाग्य से, एक वर्ग ऐसा भी है जो सेवानिवृत्ति के बाद स्थानीय राजनीति में प्रवेश कर, आरक्षण और पदों का लाभ उठाने की कोशिश करता है। यह प्रवृत्ति न केवल नैतिक रूप से प्रश्न खड़े करती है, बल्कि उन युवाओं के अवसरों को भी सीमित करती है, जो वास्तव में समाज में बदलाव लाना चाहते हैं।

सामाजिक व्यवस्था की वर्तमान स्थिति भी चिंताजनक है। रिश्तों में दूरी बढ़ रही है, विवाह जैसे पवित्र बंधन भी अस्थिर होते जा रहे हैं। जहाँ पहले समाज और परिवार के बुजुर्ग रिश्तों को जोड़ने का कार्य करते थे, आज वही जिम्मेदारी निभाने वाले लोग या तो निष्क्रिय हो गए हैं या दिखावे में उलझ गए हैं। पढ़े-लिखे और अनुभवी लोगों का दायित्व है कि वे समाज में संवाद, समझ और संस्कार की पुनर्स्थापना करें। आज युवाओं की विवाह योग्य उम्र निकल रही है, लेकिन समाज के मार्गदर्शक इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं कर रहे। रिश्तों में दिखावा, आर्थिक हैसियत और बाहरी चमक को प्राथमिकता दी जा रही है, जबकि मूल्यों और समझ की अनदेखी हो रही है। परिणामस्वरूप, विवाह के बाद भी रिश्ते टिक नहीं पा रहे और न्यायालयों के दरवाजे खटखटाने की नौबत आ रही है। ऐसे समय में, सेवानिवृत्त वर्ग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। उनके पास अनुभव है, समय है और समाज को दिशा देने की क्षमता भी। यदि वे चाहें, तो शिक्षा, संस्कार, सामाजिक समरसता और नैतिक मूल्यों के पुनर्निर्माण में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

अंततः, यह समझना होगा कि सेवानिवृत्ति अंत नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत है। यह वह अवसर है, जब व्यक्ति अपने जीवन को समाज के लिए समर्पित कर सकता है। पद और प्रतिष्ठा की कृत्रिम चाह से ऊपर उठकर यदि व्यक्ति वास्तविक सेवा का मार्ग अपनाए, तो उसका जीवन ही नहीं, समाज भी समृद्ध होगा। **समाज को अब दिखावे नहीं, दिशा देने वाले लोग चाहिए—** और यह जिम्मेदारी सबसे अधिक उन्हीं की है, जिन्होंने जीवन का एक लंबा अनुभव अर्जित किया है।

# झुंझुनूं में अब 3135 में मिलेगा कमर्शियल सिलेंडर : एक साथ 993 रुपए की बढ़ोतरी

## 5 किलो वाले सिलेंडर के दाम में 261 रुपए बढ़े

भीम प्रज्ञा न्यूज



© PTI

झुंझुनूं । कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में एक साथ 993 रुपए की बढ़ोतरी के बाद झुंझुनूं में 19 किलो सिलेंडर 3135 रुपए का हो गया है। गैस कंपनियों ने नई दरें लागू कर दी हैं। इसका असर व्यापारियों के साथ छोटे उपभोक्ताओं पर भी पड़ा है, क्योंकि 5 किलो सिलेंडर भी 261 रुपए महंगा होकर 829 रुपए पहुंच गया है। पिछले दो महीनों में लगातार चौथी बार कीमतें बढ़ी हैं।

### छोटे सिलेंडर पर भी असर

महंगाई का असर केवल बड़े व्यापारियों तक सीमित नहीं रहा। प्रवासी मजदूर और कम आय वाले परिवारों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले 5 किलो सिलेंडर के दाम में 261 रुपए की बढ़ोतरी हुई है। अब यह सिलेंडर 829 रुपए में मिल रहा है, जिससे इन वर्गों का बजट प्रभावित हुआ है।

### दो महीने में चार बार बढ़ोतरी

गैस के दाम पिछले दो महीनों में लगातार बढ़े हैं। 1 मार्च को 27 रुपए, 7 मार्च को 115 रुपए, 1 अप्रैल को 194 रुपए और 1 मई को 993 रुपए की बढ़ोतरी की गई। इस तरह कुल मिलाकर 1329 रुपए की बढ़ोतरी हो चुकी है।

### कीमत बढ़ने की वजह

कीमतों में बढ़ोतरी के पीछे खाड़ी देशों से गैस सप्लाई प्रभावित होना बताया जा रहा है। ईरान और अमेरिका के बीच चल रहे युद्ध के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल और गैस की कमी बनी हुई है, जिससे कंपनियां लगातार दरें बढ़ा रही हैं।

### शादियों और कारोबार पर असर

झुंझुनूं में इस समय शादी का सीजन चल रहा है। ऐसे में सिलेंडर महंगा होने से हलवाई और कैटरिंग संचालकों की लागत बढ़ गई है। होटल, ढाबों और रेस्टोरेंट में भी खाने की कीमत बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। व्यापारियों के अनुसार एक साथ इतनी बड़ी बढ़ोतरी से कारोबार प्रभावित होगा।

## सूरजगढ़ में एससी समाज ने बालिकाओं के लिए लाइब्रेरी निर्माण का किया शिलान्यास



भीम प्रज्ञा न्यूज.सूरजगढ़।

डॉ. भीमराव अंबेडकर समिति सूरजगढ़ द्वारा बालिकाओं के लिए निशुल्क लाइब्रेरी का शीलान्यास (नींव) तथागत गौतम बुद्धा एवं संविधान निर्माता महामानव अंबेडकर की तस्वीरों के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। लाइब्रेरी शिलान्यास समिति अध्यक्ष रतनलाल चेतीवाल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। नींव आधारशिला कार्यक्रम शिक्षाविद एवं बुद्धिस्ट मोतीलाल डिग्रवाल द्वारा बुद्ध परंपरा से करवाया गया। समिति सचिव राधेश्याम चिरानिया एवं संयुक्त सचिव ओमप्रकाश सेवदा ने बताया कि अनुसूचित समाज की बालिकाओं को निःशुल्क शिक्षा देने एवं उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु डॉ.आंबेडकर द्वारा दिए गए निर्देश,पे बैक टू सोसाइटी के तहत समाज के आर्थिक सहयोग से बनाए जानेवाली यह लाइब्रेरी बालिकाओं के जीवन को सुखमय और सुसंस्कारी तथा आत्मनिर्भर बनाने में नीम का पत्थर साबित होगी। गुलझारी लाल चावला,फूलचंद सुनिया,छोटेलाल गजराज, एमपी बाकोलिया,श्यामलाल सैनी,अनिता सैनी,सज्जन कटारिया ,ईश्वर मैरोडिया, भंवरलाल बडसीवाल, रामेश्वर लाल बाकोलिया, होशियार सिंह नायक, बाबूलाल बडगूजर, फूलचंद फुलवरिया, महेंद्र वाल्मीकि ,रवि चिरानिया, हुक्मीचंद कनवारिया ,रमेश फौजी,अशोक कटारिया, सुरेंद्र बाकोलिया सहित अनेक लोगों ने शिलान्यास कार्यक्रम में भाग लिया।

# सूरजगढ़ में एचपीवी टीकाकरण अभियानः बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव की दिशा में बड़ा कदम

भीम प्रज्ञा न्यूज.सूरजगढ़।



खंड सूरजगढ़ में बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाने के उद्देश्य से एचपीवी (HPV) टीकाकरण अभियान जोर-शोर से चलाया जा रहा है। यह अभियान माननीय पूर्व सांसद संतोष अहलावत की प्रेरणा एवं पहल पर आयोजित किया गया।अभियान के तहत निजी विद्यालयों – टैगोर पब्लिक स्कूल एवं सरस्वती पब्लिक स्कूल – में 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं का टीकाकरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार अब तक खंड सूरजगढ़ में कुल 150 बालिकाओं को एचपीवी का टीका लगाया जा चुका है, जो भविष्य में सर्वाइकल कैंसर से बचाव में प्रभावी साबित होगा। आयोजित कार्यक्रम में टैगोर पब्लिक स्कूल की 13 तथा सरस्वती पब्लिक स्कूल की 4 बालिकाओं का सफलतापूर्वक टीकाकरण किया गया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री कृष्ण कुमार एवं स्कूल डायरेक्टर श्री संदीप ने स्वयं आगे आकर अपने बच्चों का टीकाकरण करवाया और अन्य अभिभावकों को भी जागरूक किया। यह अभियान जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग एवं सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर के निर्देशन में संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी दीपक चंदन, खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरेंद्र धनखड़, बीपीओ सुमेर सिंह, शिक्षा विभाग से सीबीईओ श्रीमती बसंता एवं एसीबीईओ अनिल कुमार सहित चिकित्सा विभाग की टीम मौजूद रही।स्वास्थ्य विभाग की ओर से सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों में अध्ययनरत बालिकाओं से अधिक से अधिक संख्या में टीकाकरण करवाने की अपील की गई है, ताकि भविष्य में इस घातक बीमारी से प्रभावी बचाव सुनिश्चित किया जा सके।

## ग्राम रथ अभियानः मंडावा विधानसभा के नूआ व भोजासर सहित कई गांवों में पहुँचा विकास का संदेश

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।

**पवन कुमार शर्मा** । अंत्योदय की भावना को साकार करते हुए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे ग्राम रथ अभियान के तहत शनिवार को मंडावा विधानसभा क्षेत्र में रथ एलईडी वैन के साथ विभिन्न ग्राम पंचायतों में पहुँचा। इस दौरान रथ ने हेतमसर, नूआ, भोजासर और बहादुरवास गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी।अभियान के दौरान एलईडी वैन के माध्यम से विभिन्न सरकारी योजनाओं का प्रदर्शन किया गया, जिससे किसानों, पशुपालकों और महिलाओं को योजनाओं की जानकारी सरल तरीके से मिल सके। कार्यक्रम में ग्रामीणों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए सुझाव पेटिका भी रखी गई, जिसमें लोगों ने अपनी समस्याएं और सुझाव दर्ज कराए। इन सुझावों के आधार पर प्रशासन द्वारा समस्याओं का आकलन कर उनके समाधान की दिशा में कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा नियुक्त लोक कलाकारों ने अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से योजनाओं का संदेश दिया, जिससे ग्रामीणों में जागरूकता बढ़ी और उन्होंने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई।

इस अवसर पर मुकेश सिहाग (तहसीलदार), राकेश जानू (सहायक विकास अधिकारी), राजेंद्र महला (सहायक कृषि अधिकारी) सहित विभिन्न 13 विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। साथ ही भाजपा नूआ मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भी कार्यक्रम में भाग लेकर अभियान को सफल बनाने में सहयोग दिया। ग्राम रथ अभियान के माध्यम से प्रशासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं का प्रभावी प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, जिससे आमजन को सीधे लाभ मिल सके और विकास की धारा अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

# 'एम.डी. लिटिल फ्लावर के नन्हें हाथों ने थाम लिया आसमानः प्यासे परिंदों को मिला जीवनदान '

भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।




भीषण गर्मी में प्यास से बेहाल पक्षियों की सुध लेते हुए एम.डी. लिटिल फ्लावर स्कूल, चिड़ावा के विद्यार्थियों ने अनुकरणीय पहल की। बच्चों ने विद्यालय परिसर व आसपास के पेड़ों पर पक्षियों के घरौंदे व मिट्टी के परिंडे बांधे और उनमें प्रतिदिन स्वच्छ जल भरने के साथ-साथ दाना डालने की व्यवस्था भी की। इस सेवा कार्य का शुभारंभ विद्यालय के अध्यक्ष सुनील डांगी, निदेशिका समित डांगी एवं प्रधानाचार्य अंकित शर्मा की उपस्थिति में हुआ। बच्चों ने स्वयं अपने हाथों से परिंडे और घरौंदे पेड़ों पर टांगे और संकल्प लिया कि पूरी गर्मी भर वे नियमित रूप से पक्षियों के लिए पानी व दाने का प्रबंध करेंगे। इस अवसर पर अध्यक्ष सुनील डांगी ने कहा कि गर्मी का कष्ट केवल मनुष्य को नहीं, इन मूक प्राणियों को भी होता है। आज हमारे बच्चों ने बता दिया कि करुणा केवल पढ़ने की चीज नहीं, करने की चीज है। एक परिंडा लगाना वास्तव में एक जीवन को बचाना है। निदेशिका समित डांगी ने कहा कि शिक्षा का असली उद्देश्य बच्चों के भीतर संवेदना जगाना है। उन्हें गर्व है कि लिटिल फ्लावर के नन्हे विद्यार्थी आज पक्षियों के लिए छांव बनकर खड़े हुए हैं। यही संस्कार आगे चलकर इन्हें एक अच्छा इंसान बनाएंगे। प्रधानाचार्य अंकित शर्मा ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि प्रकृति हमारी सबसे पहली पाठशाला है। बच्चों ने आज जो पाठ सीखा है, वह किसी पुस्तक में नहीं मिलेगा। उन्होंने बच्चों से आग्रह किया कि गर्मी भर इन परिंडों की देखभाल करना ही उनका सबसे महत्वपूर्ण कार्य रहेगा। विद्यालय ने इस अभियान को 'चोंच भर पानी, मुट्ठी भर दाना' नाम दिया है। प्रत्येक कक्षा से विद्यार्थियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। विद्यालय प्रबंधन ने नगरवासियों से भी अपील की है कि वे अपनी छतों व बालकनी पर पक्षियों के लिए पानी का पात्र अवश्य रखें। नन्हे हाथों का यह प्रयास तपती गर्मी में पक्षियों के लिए संजीवनी बन रहा है। इस अभियान में एम. डी. लिटिल फ्लावर के सभी शिक्षकगण भी सहभागी बने।



## चिड़ावाः सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु HPV वैक्सीन पर कार्यशाला आयोजित, चार बालिकाएं बनीं ब्लॉक ब्रांड एम्बेस्डर

भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।



कार्यालय मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, समग्र शिक्षा, चिड़ावा के तत्वावधान में शनिवार को पंचायत समिति सभागार में HPV (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) वैक्सीन के टीकाकरण और इसके व्यापक प्रचार-प्रसार को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। उपखण्ड अधिकारी डॉ. नरेश सोनी के मुख्य आतिथ्य एवं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी डॉ. उमादत्त झाझड़िया की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में ब्लॉक के समस्त पीईईओ (PEEO) और निजी विद्यालय संचालकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि और आर.सी.एच.ओ. झुन्झुनूं डॉ. दयानन्द ने वैक्सीन की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह टीका बालिकाओं के लिए आजीवन सुरक्षा कवच की तरह है, जो उन्हें भविष्य में होने वाले सर्वाइकल कैंसर से बचाता है। उन्होंने सोशल मीडिया पर वैक्सीन को लेकर फैली भ्रांतियों का खंडन करते हुए उनके वैज्ञानिक समाधान बताए और निर्धारित आयु वर्ग की सभी बालिकाओं के लिए इसे अनिवार्य बताया। टीकाकरण अभियान को गति देने के लिए उपखण्ड अधिकारी डॉ. नरेश सोनी ने ब्लॉक में सबसे पहले वैक्सीन लगवाने वाली चार बालिकाओं को 'ब्लॉक ब्रांड एम्बेस्डर' घोषित किया। इन बालिकाओं में शामिल हैं भूमिका व नेहा (पुत्री धर्मेन्द्र बालान, राजस्थान पब्लिक सी.सै. स्कूल, चिड़ावा), ईशानाज (पुत्री मोहम्मद इकबाल, पीएम श्री राजकला रा.बा.उ.मा.वि. चिड़ावा), सोनिया (पुत्री भंवरलाल, श्री जमनादास अडूकिया रा.उ.मा.वि. चिड़ावा) इन बालिकाओं ने एक स्वर में जिले की अन्य बालिकाओं और अभिभावकों से टीका लगवाने की अपील की। उपखण्ड अधिकारी ने समस्त संस्था प्रधानों को निर्देश दिए कि वे अपने स्तर पर जागरूकता पैदा कर पात्र बालिकाओं का शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करें। कार्यक्रम में तहसीलदार रामकुमार पूनियां, बी.सी.एच.एम.ओ. डॉ. संतकुमार, डॉ. नितेश जांगीड़, नायब तहसीलदार बलबीर कुलहरी सहित एसीबीईओ सुरेश पायल एवं डॉ. कयूम अली मौजूद रहे। अंत में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी डॉ. उमादत्त झाझड़िया ने सभी राजकीय एवं निजी शिक्षण संस्थाओं की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन देते हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## रैफल्स विश्वविद्यालय के विधि छात्रों ने किया सुप्रीम कोर्ट का शैक्षिक भ्रमण, जानी न्यायिक कार्यप्रणाली

### कोर्टरूम से लाइब्रेरी तक लिया व्यावहारिक अनुभव, संग्रहालय में देखी न्यायपालिका की विरासत

भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।



**रमेशचंद** । रैफल्स विश्वविद्यालय, नीमराना के विधि संकाय द्वारा अपने छात्रों और संकाय सदस्यों के लिए नई दिल्ली स्थित भारत के सर्वोच्च न्यायालय का एक शैक्षिक भ्रमण सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। यह भ्रमण 30 प्रतिभागियों के दल के लिए सर्वोच्च न्यायालय प्राधिकरण द्वारा 19 जनवरी 2026 को दी गई पूर्व अनुमति के तहत संपन्न हुआ। आदित्य प्रताप सिंह एवं डॉ. नम्रता यादव के मार्गदर्शन में आयोजित इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य छात्रों को देश की सर्वोच्च न्यायिक संस्था की कार्यप्रणाली का प्रत्यक्ष और व्यावहारिक अनुभव कराना था। भ्रमण के दौरान छात्रों ने सर्वोच्च न्यायालय के कक्ष संख्या 11, 12, 13 एवं 15 में चल रही न्यायालयीय कार्यवाही का अवलोकन किया। इस दौरान उन्हें न्यायालय की प्रक्रियाओं, वकालत के कौशल, न्यायिक आचरण और न्यायालयीन शिष्टाचार की बारीकियों को करीब से समझने का मौका मिला। प्रतिभागियों ने प्रशासनिक भवन परिसर स्थित न्यायाधीश पुस्तकालय का भी भ्रमण किया, जहां उन्हें उन्नत विधिक शोध संसाधनों और दुर्लभ अभिलेखीय सामग्री से परिचित कराया गया। इससे छात्रों को विधिक अनुसंधान के आधुनिक तरीकों की महत्वपूर्ण जानकारी मिली। इसके अलावा, छात्रों ने राष्ट्रीय न्यायिक संग्रहालय एवं अभिलेखागार का भी अवलोकन किया। संग्रहालय में भारतीय न्यायपालिका के ऐतिहासिक विकास, महत्वपूर्ण निर्णयों और देश की समृद्ध विधिक विरासत की व्यापक जानकारी प्राप्त कर छात्र अभिभूत हो गए। इस शैक्षिक यात्रा ने छात्रों के सैद्धांतिक अध्ययन और व्यावहारिक अनुप्रयोग के बीच की दूरी को कम करने में अहम भूमिका निभाई। इससे उनकी संवैधानिक प्रक्रियाओं की समझ मजबूत हुई और उन्हें वास्तविक समय में वकालत एवं न्यायिक तर्क प्रणाली का अनुभव प्राप्त हुआ। रैफल्स विश्वविद्यालय, नीमराना का विधि संकाय ऐसे शैक्षिक प्रयासों के माध्यम से अनुभवात्मक अधिगम को लगातार बढ़ावा दे रहा है। विश्वविद्यालय का मानना है कि इस तरह के भ्रमण सक्षम, जागरूक और व्यावहारिक ज्ञान से परिपूर्ण विधि पेशेवरों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



पंख केवल उड़ान भरने में ही पंछियों की मदद नहीं करते। प्रकृति ने इन्हें इस तरह से बनाया है कि ये पक्षियों के लिए रेनकोट भी बनते हैं, दुश्मन से बचाव का साधन भी और हर पंछी की अपनी पहचान का माध्यम भी। साथ ही ये तापमान को नियंत्रित रखने में भी मदद करते हैं। पंखों की रचना और रंगों को देखकर मेल-फीमेल पक्षी का पता भी लगाया जा सकता है। पक्षियों के परों को अलग-अलग आकार-प्रकार के आधार पर कई श्रेणियों में बांटा जाता है।

# उड़ते पंछी के परों का इंद्रधनुष

पंछियों को उड़ने के लिए पंखों का तोहफा देने वाले नेचर ने वाकई अद्भुत कारीगरी दिखाई है। आओ इन पंखों को जानें और करीब से।

## पर, पर हैं क्या?

पंख, पर या फैदर्स असल में पंछियों की ऊपरी त्वचा यानी स्किन पर उगने और उसे कवर करने वाली संरचना होते हैं। साइंस की भाषा में कहा जाए तो यह एपिडर्मिस के ऊपर होने वाली ग्रोथ है। साइंस यह भी कहता है कि रेप्टाइल्स के शरीर पर पाए जाने वाले स्केल्स ही असल में पक्षियों के शरीर पर पंखों के रूप में विकसित हुए हैं। पंछियों के अलावा ये कुछ अन्य प्राणियों के शरीर पर भी पाए जाते हैं। वहां इनका रूप भी अलग हो सकता है। पंख भी नाखून और बालों की ही तरह कैराटिन नाम के प्रोटीन से बनते हैं।

## उड़ो और बचो भी

पंख केवल उड़ान भरने में ही पंछियों की मदद नहीं करते। प्रकृति ने इन्हें इस तरह से बनाया है कि ये पक्षियों के लिए रेनकोट भी बनते हैं, दुश्मन से बचाव का साधन भी और हर पंछी की अपनी पहचान का माध्यम भी। साथ ही ये तापमान को नियंत्रित रखने में भी मदद करते हैं। पंखों की रचना और रंगों को देखकर मेल-फीमेल पक्षी का पता भी लगाया जा सकता है। पक्षियों के परों को अलग-अलग आकार-प्रकार के आधार पर कई श्रेणियों में बांटा जाता है।

## रंगों का मजेदार विज्ञान

पंछियों के पर क्रिएटिविटी के मामले में भी प्रकृति की खूबसूरत कारीगरी होते हैं। रंग-बिरंगे इंद्रधनुष से ये पंख वाकई इंद्रधनुष सी ही काबिलियत रखते हैं। तुम्हें ये जानकर और भी आश्चर्य होगा कि फैदर्स में इंद्रधनुष के सारे रंग होते हैं। इनमें से ज्यादातर रंग एक खास पिगमेंट के कारण बनते हैं। यह क्रिया ठीक ऐसे ही होती है जैसे खाना बनाते समय फूड कलर्स को यूज करने पर होती है। जैसे कि जब तुम किसी पकवान में लाल या पीला रंग मिलाते हो तो वो लाल या पीले रंग का हो जाता है। ठीक उसी तरह पंखों में भी जिस रंग का पिगमेंट मौजूद होता है वो उसी रंग के नजर आते हैं। यहां एक रोचक बात यह है कि इंद्रधनुष के बाकी प्रायमरी कलर्स के पिगमेंट तो फैदर्स में होते हैं लेकिन नीले रंग का कोई पिगमेंट नहीं होता। तो फिर 'नीलकंठ' जैसे पंछी के पंखों का रंग कहां से आता है? इसके पीछे भी विज्ञान काम करता है। नीले रंग के मामले में प्रकृति द्वारा बनाई पंख की संरचना मुख्य काम करती है। नीले रंग के पंखों का आकार और संरचना इस तरह की होती है कि जब प्रकाश इस पर पड़ता है तब यह पंख केवल नीले रंग को ही हमारी आंखों पर रिफ्लेक्ट या परावर्तित करता है। यहां यह भी याद रखना कि साधारण प्रकाश में इंद्रधनुष के सारे रंग छुपे होते हैं लेकिन नीले पंखों की डिजाइन ऐसी होती है कि वो हमारी आंखों तक केवल नीला रंग ही पहुंचाता है।



## एक्सपेरिमेंट

एक नीले रंग का पंख लेकर उस पर ऊपर की तरफ से फ्लैशलाइट डालो। इससे तुम्हें चमकता हुआ नीला रंग दिखाई देगा। अब इसी लाइट को फैदर के अंदर की तरफ से डालो। नीला रंग गायब हो जाएगा। मगर यही एक्सपेरिमेंट जब तुम लाल या पीले या अन्य किसी रंग के पंख के साथ करोगे तो तुम्हें किसी भी डायरेक्शन से सेम कलर ही दिखाई देगा। है ना ये नेचर का मैजिक।

## हरे रंग का जादू

अब इसी तरह पंखों के हरे जादू को भी समझो। यहां भी रोचक बात यह है कि नेचर ने केवल एक ही पक्षी 'टरकॉइज' के पंखों में हरे रंग का पिगमेंट दिया है। तो फिर बाकी के हरे रंगों वाले पंख पंछियों के पास कैसे होते हैं? तो बाकी सारे हरे रंग के पक्षी असल में हरे रंग को दिखाने के लिए अपने पास मौजूद पीले रंग के पिगमेंट और ब्लू वेवलेंथ्स का कॉम्बीनेशन यूज में लाते हैं। अब नीले और पीले रंग को मिलाने पर हरा रंग बनता है ये सब जानते ही हैं।

## बचाओ पंख और पक्षी भी

ये जाहिर सी बात है कि पंख किसी पक्षी के लिए कितना महत्वपूर्ण हो सकता है। लेकिन कुछ लोग इस बात को नहीं समझते और खूबसूरत पंखों के लिए पंछियों को मार देते हैं। दुनियाभर में इसके लिए कई सारे कानून भी बनाए गए हैं ताकि निर्दोष पक्षियों को नुकसान पहुंचने से बचाया जा सके। हां, अगर जमीन पर गिरे पंख इकट्ठे करके कोई अपने पास रखे तो कोई बात नहीं।



## रोचक बातें पंखों की

पंख पंछियों के नाजुक शरीर की रक्षा का काम करते हैं। कुछ पंछी तो ऐसे भी हैं जिनके नन्हे पंख उनके लिए आइलैशेज का भी काम करते हैं। उल्लू जैसे कुछ पक्षियों के पंख उनके लिए प्रोटेक्टिव शॉल का भी काम करते हैं और दुश्मनों की नजर से उन्हें पूरी तरह छुपा देते हैं। बर्फ में रहने वाले पंछियों के पैरों में भी पंख होते हैं और वे उनके लिए स्नो शूज का काम करते हैं। ये ठंड के साथ-साथ उन्हें बर्फ में ग्रिप बनाए रखने में भी मदद करते हैं। कुछ पक्षी अपने पंखों से आवाज भी करते हैं। ये आवाज पंखों से गुजरने वली हवा के कारण पैदा होती है।

# ध्यान से सुनो हर बात


**कई बार तुम्हें कक्षा में सुनने का मिलता है कि तुम ध्यान से सुन नहीं रहे हो। ध्यान से सुनो। सुनोगे नहीं तो बात समझ में नहीं आएगी।**

कभी तुमने सोचा है कि समझने के लिए सुनना क्यों जरूरी है? क्यों अक्सर हम कहते हैं कि ध्यान से सुनना चाहिए। अगर अच्छे वक्ता बनना चाहते हो तो सुनने की आदत डालनी चाहिए। इससे हमारे बोलने के तौर-तरीके भी सुधरते हैं। हमें मालूम पड़ता है कि इस बात को और कैसे सुंदर तरीके से बोला जा सकता है। सुनने की आदत डालने से बोलने की कला भी विकसित होती है। जब भी कक्षा में या कहीं भी कोई वक्ता बोल रहा होता है तो ध्यान से उसे सुनना भी एक कला है। अगर तुम चाहते हो कि बोलने वाले की बात को काटना है या तर्क करना है तो उसके लिए बोलने वाले की हर बात को ध्यान से सुनना बेहद जरूरी है, वरना बोलने वाला कह सकता है कि मैंने तो ऐसा कहा ही नहीं। आपने ठीक से मेरी बात नहीं सुनी। इस आरोप से तभी बचा जा सकता है, जब तुम कहने वाले की बात को गौर से सुनोगे। सुनने से दूसरों के विचारों को जाना जा सकता है। इससे तुम्हारे ज्ञान में वृद्धि होती है।

## कैसे और कितना सुनो?

सुनने के लिए जरूरी है कि एक बोलने वाला भी हो। वह किस विषय पर किस गंभीरता से बोल रहा है, यह भी जरूरी है। सुनने वाले की रुचि की बात की जाए तो सुनने वाले का ध्यान खुद ब खुद बोलने वाले की ओर चला जाता है। कई बार बोलने वाले की सुस्तता की वजह से भी सुनने वाले को अच्छा नहीं लगता। जब तुम कक्षा में बैठे हो तो कक्षा में बताई जाने वाली बातों को ध्यान से सुनने की आदत डालो। इससे तुम्हारी काफी सारी समस्याएं हल हो जाएंगी। कक्षा में विषय को पढ़ाते वक्त मैडम बातों ही बातों में कई ऐसी बातें कह जाती हैं, जो न केवल तुम्हारे विषय की समझ के लिए जरूरी होती हैं, बल्कि जीवन में भी काम आती है। सुनते वक्त इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि बोलने वाला क्या बोल रहा है और क्यों बोल रहा है। कक्षा में पढ़ाए गए विषय को दूसरे को सुनाना और दूसरे से उस विषय को सुनने से ज्यादा याद होता है।





# प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर कुदरत की अनुपम कारीगरी अथिरापल्ली और वाज्हचाल

दोस्तों, विश्व प्रसिद्ध नयाग्रा जल प्रपात का नाम तो तुमने सुना ही होगा। इसे देखने के लिए हर साल करोड़ों लोग वहां जाते हैं। सैकड़ों फुट ऊपर से गिरता पानी जब नीचे जाकर भाप जैसा रूप लेता है तो बरबस ही सबका मन मोह लेता है। हमारे देश में भी ऐसे कई स्थान हैं, जो इसी तरह के हैं, लेकिन जानकारी के अभाव में हम वहां की सैर नहीं कर पाते। ये स्थान भी प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर हैं, कुदरत की अनुपम कारीगरी यहां दिखाई देती है। जो यहां आता है, बस यहीं का होकर रह जाता है। ऐसे ही दो जलप्रपात हैं केरल में। शोलयार वन श्रंखला के वर्षा वनों से लगा, घने संरक्षित वनों के बीच जो विभिन्न प्रजातियों के वन्य जीवन की आश्रय स्थली भी है, एक के बाद एक, दो जल प्रपात हैं, जिन्हें देख कोई भी झूमे बगैर नहीं रह सकता। यकीनन होश उड़ाने वाला प्राकृतिक सौंदर्य। नाम है अथिरापलली और वाज्हचाल। केरल के थ्रिस्सूर शहर से कोच्ची जाने वाले हाईवे पर 30 किलोमीटर चलने पर चालकुडी और वहां से बांयी और दूसरी सड़क पर 33 किलोमीटर जाने पर अथिरापल्ली का जल प्रपात पड़ेगा। यहां से 4 किलोमीटर और आगे जाएंगे तो वाज्हचाल नाम का दूसरा प्रपात भी है जिसे भारत का नयाग्रा भी कहा जाता है। पहले आप पहुंचते हैं अथिरापल्ली। यहां एक सुंदर उद्यान है। सामने ही बांस के घने झुरमुटों के बीच से आगे बढ़ने पर अपने संपूर्ण वैभव के साथ प्रवाहित हो रही चालकुडी नदी के दर्शन होते हैं। बांस की टहनियों पर उछल कूद करते अनेक बन्दर भी आपका स्वागत करते प्रतीत होते हैं। यहां लकड़ी से बने बेंच भी लगे हुए हैं, जो आपको वापसी में ललचाएंगे क्योंकि अभी तो नीचे उतरना है। दाहिनी ओर नीचे जाने के लिए आरामदायक पत्थर बिछा मार्ग बना हुआ है जो कुछ लंबा पड़ता है। अति उत्साही प्रकार के पर्यटक सीधे नीचे भी उतर सकते हैं, सीढ़ियों के प्रयोग के बिना ही। आधी दूर नीचे जाने पर ही जल प्रपात के प्रथम दर्शन होने लगते हैं भले ही गिरते पानी की गर्जना कानों में पहले से ही गूंजती रहती है। फिर आप सीधे आमने सामने रहते है इस भव्य प्रपात के। जब पानी की बूंदों की बौछार अपने मुंह पर पड़ती है उस समय आनंद की कोई सीमा नहीं रहती। यहां भी बेंचें लगी हुई हैं आपके विश्राम करने के लिए। प्रपात के बहुत करीब जन जोखिम से भरा होगा। पिकनिक मानाने के लिए प्रपात के नीचे का स्थल आदर्श है। वापस ऊपर आने के बाद हमें उन बेंचों की याद आएगी ही, जो उद्यान में लगे हुए हैं। यहां तनिक विश्राम करने के बाद आगे वाज्हचाल के लिए निकला जा सकता है। चालकुडी नाम के शहर से यहां इस 30 किलोमीटर का मार्ग सुखद है परन्तु अथिरापल्ली से आगे वाज्हचाल 4 किलोमीटर का मार्ग कच्चा और थोड़ा दुखदायी है। लेकिन जैसे ही प्रपात के दर्शन होंगे, पूरी थकान काफूर हो जाएगी। यहां भी प्रपात तक जाने की अच्छी व्यवस्था बनाई गई है। यहां से आगे का रास्ता एक वालपराई नामके हिल स्टेशन को जाता है जहां चाय के बागान भी हैं।





# बीरबल की खिचड़ी

ठंड का समय था दिल्ली में बहुत ही ज्यादा ठंड पड़ी थी। उस समय बादशाह अकबर और बीरबल दोनों ही सुबह-सुबह बगीचे में घूम कर रहे थे। बादशाह अकबर ने बीरबल से कहा, बीरबल देख रहे हो कितनी ज्यादा ठंड है। ऐसा लग रहा है कि अगर कोई बिना गर्म कपड़ों के बाहर आ जाए तो वह तुरंत ही बर्फ की तरह जम जाएगा।
जी हां जहांपना बिल्कुल सही कह रहे हैं आप। बीरबल ने अकबर से कहा।
अच्छा बीरबल यह बताओ इतनी ठंड में भी तुम यहां आ गए। लेकिन ऐसे बहुत से लोग होंगे जो इतनी सर्दी में घर से बाहर नहीं निकल रहे होंगे और अपने कामकाज को भी नहीं कर रहे होंगे।
जी हां, जहाँपनाह आपकी बात तो सही है। लेकिन ऐसे बहुत से लोग भी है जो मजबूरी के चलते इस सर्दी में भी निकला करते हैं। मजबूरी में ऐसे काम किया करते हैं जो इस सर्द में नहीं करनी चाहिए। बीरबल ने कहा।
अकबर ने बीरबल से कहा, अच्छा लेकिन मैं यह नहीं मानता। मैं नहीं मानता कि कोई इतनी सर्दी में अपने घर से निकलेगा और काम पर जाएगा। वह तो घर के अंदर रहकर गर्म बिस्तर पर लेटा रहेगा। लेकिन उठकर काम पर नहीं जाएगा।
नहीं नहीं जहाँपनाह बात ऐसी नहीं है। लोगों की मजबूरी है कि वह इस सर्द में भी निकल करकाम करें बीरबल ने अकबर को बताया।
अच्छा! ऐसी बात है तो मुझे साबित करके दिखाओ कि कोई इतनी सर्दी में भी चंद पैसों के लिए भी काम करने को कैसे निकल सकता है। बादशाह अकबर ने बीरबल चुनौती देते हुए कहा। वही पास एक तालाब भी था जिसका पानी बहुत ही ज्यादा ठंडा था। बादशाह अकबर ने उस तालाब की ओर इशारा किया और बीरबल से कहा, बीरबल उस तालाब को देखो उस तालाब को देखकर ही ऐसा प्रतीत हो रहा है कि उसका पानी कितना ठंडा होगा। तुम एक ऐसे व्यक्ति को लेकर आओ जो रातभर इस तालाब में रहकर गुजार दें। मैं उसे ढेरों इनाम दूंगा।
बीरबल ने कहा, आपका हुकुम सर आंखों पर। आप जैसा कह रहे हैं मैं वैसा तुरंत करता हूं और आज ही एक ऐसे व्यक्ति का इंतजाम करता हूं जो यह कार्य कर देगा।
बीरबल तुरंत ही दरबार से निकला और इस बात का ऐलान कर दिया कि राजा उस व्यक्ति को ढेरों इनाम देंगे जो रात भर बगीचे की तालाब में रहकर गुजार देगा। जनता में से एक आदमी गंगाराम बादशाह के दरबार में पहुंचा और उसने राजा से कहा, बादशाह सलामत रहे। मेरे बादशाह आपने जो करने को कहा था वह करने के लिए मैं तैयार हूं।
बादशाह अकबर ने कहा, मैं तुम्हारे हिम्मत की दाद देता हूं। आज के लिए तुम हमारे मेहमान हो। जाओ और रात को हम तुम्हें उस तालाब में लेकर जाएंगे। उस तालाब पर तुम्हें पूरी रात गुजारनी है।
रात का समय हुआ। गंगाराम को तालाब के पास ले जाया गया। गंगाराम ने तालाब का पानी छूकर देखा। तालाब का पानी बहुत ही ज्यादा ठंडा था फिर भी गंगाराम हिम्मत करके तालाब के अंदर चला गया। शुरुआत में गंगाराम बहुत ही कांप रहा था लेकिन कुछ देर बाद वह सीधा खड़ा होकर पूरा रात गुजार दिया।
दिन होते ही उसे बादशाह के दरबार पर बुलाया गया। बादशाह अकबर उसे देखकर दंग रह गए। उन्होंने तुरंत ही गंगाराम से पूछा, आखिरकार तुम पूरी रात इतनी ठंडी में कैसे रह गए? अगर मैं होता तो मैं मर ही जाता।
गंगाराम ने बादशाह अकबर के सवालों को जवाब दिया, जहांपना, पास ही में एक जलता हुआ दीपक था जिसकी ओर ध्यान कर उसे देखकर मैं पूरी रात गुजार गया। मैंने अपना पूरा ध्यान उसपर रखा।
ओह! तो यह बात है। तुमने उस दीपक से गर्मी ली और उस गर्मी से पूरी रात भर तालाब में रह गए। तो तुमने तो हम सब के साथ धोखा किया है। वैसे मैं तुम्हें जाने देता हूं क्योंकि यह काम करना आसान नहीं था। लेकिन तुमने जिस तरीके का काम किया है उसके लिए मैं तुम्हें कोई भी इनाम नहीं दूंगा। यह कहकर बादशाह ने गंगाराम को वापस भेज दिया।
वही पास में बीरबल खड़ा यह सब चीजें देख रहा था। तभी राजा ने बीरबल से कहा, देखा बीरबल इस तरह का काम कोई भी नहीं कर सकता।
बीरबल ने कहा, जी हाँ जहांपनाह आप बिल्कुल सही कह रहे हैं। यह कहकर बीरबल अपने घर लौट गया।
अगले दिन बीरबल ने बादशाह अकबर को खाने में आमंत्रित किया। बीरबल ने कहा, बादशाह मैं बहुत ही अच्छी खिचड़ी बनाता हूं। मैं चाहता हूं कि कल आप मेरे घर आए और मेरी हाथ की बनी हुई खिचड़ी खाए।
राजा ने बीरबल का निमंत्रण स्वीकार किया और अगले दिन बीरबल के घर जा पहुंचे। बीरबल के घर पहुंचते ही बादशाह ने बीरबल से कहा, बीरबल, लेकर आओ तुम्हारी खिचड़ी जरा हम भी तो उसका स्वाद ले कर देखें कि आखिर तुम कैसी खिचड़ी बनाते हो?
जी हां जहांपना बस खिचड़ी तैयार होने वाली है। बीरबल ने कहा।
ठीक है।राजा ने कहा।
समय बीतता जा रहा था ओर राजा का भूख बढ़ता ही जा रहा था। ऐसे में बादशाह ने बीरबल से फिर पूछा, बीरबल तुम्हारी खिचड़ी बनने में और कितना समय लगेगा। मेरी भूख बढ़ती ही जा रही है।
बीरबल ने जवाब दिया, बस जहांपना कुछ देर और आप की खिचड़ी तुरंत तैयार हो जाएगी।
अच्छा ठीक है। जल्दी लेकर आओ।
ऐसे करते करते और समय बीत गया और राजा का भूख बढ़ने लगा था उन्होंने गुस्से में आकर बीरबल से पूछा, तुम क्या कर रहे हो? अभी तक तुम्हारा खिचड़ी तैयार नहीं हुआ। जल्दी लेकर आओ मुझे बहुत भूख लगी है
जी हां जहाँपनाह मैं अभी लेकर आता हूं बस यह तैयार होने वाला है। यह कहकर बिरबल फिर अपनी रसोई की ओर चला गया। कुछ समय और बीतने के बाद राजा उठकर बीरबल की रसोई की ओर जा पहुंचे। बादशाह अकबर ने देखा कि बीरबल हांड़ी(पकाने का बरतन) को आग से बहुत ही ऊपर लगाकर रखा था। जिससे कि आग की ताप उस हांड़ी तक नहीं पहुंच सकती थी। ऐसे में राजा ने बीरबल ने कहा, अरे बेवकूफ! तुम आखिर कर क्या रहे हो? ऐसे में तो तुम्हारी खिचड़ी कभी भी नहीं पकेगी।
पकेगी जहाँपनाह यह जरूर पकेगी। बीरबल ने कहा।
अरे आग का ताप तो हांड़ी में पहुंच ही नहीं रहा है तो फिर तुम्हारी खिचड़ी कैसे पक सकती है। इसके लिए आग का ताप खिचड़ी की हांड़ी तक पहुचाना चाहिए। राजा ने समझाते हुए कहा।
बीरबल ने कहा, जिस तरह से एक छोटा सा दीपक गंगाराम को ताप दे सकता है। तो इस तरह से हांड़ी को आग से ताप अवश्य ही मिल जाएगा।
यह बात सुनकर बादशाह समझ चुके थे कि उन्होंने क्या गलती की थी। तुरंत ही राजा ने बीरबल को कहा, बीरबल मैं समझ चुका हूं कि तुम आखिर कहना क्या चाहते हो। मैं तुरंत ही गंगाराम को बुलाकर उसका इनाम उसे दूंगा और मैं तुम्हारा शुक्रिया करता हूं कि तुमने मेरी गलती को मुझे बताया।



# राव सोहनलाल पीजी कॉलेज में विदाई समारोह का भव्य आयोजन, मिस्टर-मिस फेयरवेल ने लूटी महफिल

## सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से भावुक हुआ माहौल, प्राचार्य ने दिए सफलता के मंत्र

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

**रमेशचंद** । राव सोहनलाल पीजी कॉलेज, नीमराना में शनिवार को अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के सम्मान में एक भव्य फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्साह, उमंग और भावनाओं का अनोखा संगम देखने को मिला, जहां जूनियर छात्रों ने अपने सीनियर्स को यादगार विदाई दी। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ, जिसके बाद विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से पूरे माहौल को जीवंत बना दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृष्ण कुमार यादव एवं सरजीत भाटी रहे, जबकि अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कौशल कुमार यादव ने की। प्राचार्य डॉ. कौशल कुमार यादव ने अपने संबोधन में कहा कि महाविद्यालय से मिले संस्कार और शिक्षा





जीवनभर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए जीवन में निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। प्रबंध निदेशक नीरज सिंह यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अनुशासन और परिश्रम को सफलता की कुंजी बताया तथा उन्हें जीवन के हर क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रोत्साहित किया। समारोह का मुख्य आकर्षण 'मिस्टर एवं मिस फेयरवेल' प्रतियोगिता रही, जिसमें प्रतिभागियों ने रैंप वॉक, प्रश्नोत्तरी और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का दिल जीत लिया। विजेताओं को अतिथियों द्वारा ताज पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया, जिससे कई विद्यार्थी भावुक हो गए। मंच का सफल संचालन मोनिका चौधरी, मोनिका यादव एवं नरेंद्र यादव ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर प्रियंका यादव, प्रवीण यादव, निशा, सतीश, प्रिया, वीरेंद्र, राजेश, नरेंद्र, कुलदीप सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कॉलेज प्रशासन ने विद्यार्थियों के जीवन के इस महत्वपूर्ण पड़ाव को यादगार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

# डिजिटल बाल मेले में 41 जिलों के प्रोजेक्ट प्रस्तुत करेंगे गोयनका शिक्षा व शोध संस्थान के छात्र छात्राएं

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

जयपुर में 4 से 6 मई 2026 तक आयोजित होने वाले बाल महोत्सव (डिजिटल बाल मेले) के लिए गोयनका पब्लिक स्कूल, गोयनका आरबीएसई स्कूल और मोहिनी देवी गोयनका महिला महाविद्यालय की युवा प्रतिभाएं पूरे जोर-शोर से तैयारी में जुटे हुए हैं। यह मेला राजस्थान के विभिन्न जिलों की कला, संस्कृति, साहित्य, खेती उत्पादन और नवाचार के प्रति युवा पीढ़ी में रुचि व कौशल विकसित करने के उद्देश्य से 4 से 6 में तक जयपुर के सांगानेर पिंजरापोल गौशाला में आयोजित होगा । इसमें मोहिनी देवी गोयनका महिला महाविद्यालय की बीए बीएड प्रथम वर्ष की छात्रा मोनिका महला सीकर जिले का प्रतिनिधित्व कर जिले की सांस्कृतिक धरोहर, कला, परंपरागत रीति रिवाज को प्रदर्शित करेगी। राजस्थान के 41 जिलों की कला, संस्कृति, पर्यटन, खान-पान को रचनात्मक रूप से प्रस्तुत करने के लिए 41 विद्यार्थी अपने प्रोजेक्ट के माध्यम से प्रेजेंटेशन देंगे। इस कार्यक्रम में राज्य के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा बच्चों से संवाद करेंगे। कार्यक्रम की तैयारी में गोयनका संस्थान की तीनों इकाइयों के प्राचार्य एवं स्टाफ सदस्यों ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने और मार्गदर्शन व सहयोग प्रदान कर आगे बढ़ाने के लिए



प्रोत्साहित किया। गोयनका शिक्षा व शोध संस्थान के अध्यक्ष श्याम सुंदर गोयनका ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी व उज्जवल भविष्य की कामना की।

# जिला स्तरीय एनकोरड व नशा मुक्त भारत अभियान की बैठक आयोजित

## युवाओं को नशे से दूर रखना प्रशासन की प्राथमिकता : अनुपमा अंजली

### तस्करों की कमर तोड़ने के लिए संपत्ति जब्त करने और प्रहरी क्लब को सक्रिय करने के निर्देश

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नारनौल।**

अनुपमा अंजली ने कहा कि जिला प्रशासन युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रखकर उन्हें एक सकारात्मक और सुरक्षित माहौल देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। नशा तस्करों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए। डीसी आज लघु सचिवालय के जिला स्तरीय नार्को समन्वय केंद्र (एनकोरड) तथा नशा मुक्त भारत अभियान की बैठक ले रही थी।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि नशा मुक्त समाज का निर्माण केवल सरकारी आदेशों से नहीं, बल्कि सभी विभागों के आपसी समन्वय और जन-भागीदारी से ही संभव है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जमीनी स्तर पर जागरूकता अभियानों की निरंतरता बनाए रखें। स्कूलों और कॉलेजों में भी



लगातार जागरूकता अभियान चलाएं। इस संबंध में कोई भी सूचना तुरंत जिला प्रशासन को दें। उन्होंने कहा कि इस संबंध में खुद मुख्यमंत्री भी समय-समय पर दिशा-निर्देश देते हैं। बैठक में राज्य स्तरीय निर्देशों के अनुपालन में तैयार किए गए डिस्ट्रिक्ट एक्शन प्लान पर विस्तार से चर्चा की गई। पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि जिले में नशा तस्करों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए। स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग की भूमिका को अहम बताते हुए उपायुक्त ने स्कूलों और कॉलेजों में प्रहरी क्लब को अधिक सक्रिय करने के निर्देश दिए ताकि संदिग्ध छात्रों की पहचान कर उन्हें समय रहते उचित परामर्श दिया जा सके। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि वर्ष 2025 और 2026 में चिन्हित किए गए नशा पीड़ितों के उपचार का पूरा डेटा तैयार रखा जाए और शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के अनुसार विशेष रणनीति बनाई जाए। उन्होंने खेल विभाग को निर्देश दिए गए कि गांवों और वार्डों में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाए ताकि युवाओं की ऊर्जा को खेलों की ओर मोड़ा जा सके। डीसी ने जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित शर्मा को नशा मुक्ति केंद्रों को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने ड्रग कंट्रोल ऑफिसर को निर्देश दिए गए कि वे मेडिकल स्टोर्स पर सीसीटीवी कैमरों की अनिवार्यता लागू करें और प्रतिबंधित दवाओं की अवैध बिक्री रोकने के लिए नियमित छापेमारी करें। डीसी ने सभी एनजीओ से निवेदन किया कि अगर कोई नशा से छुटकारा पाना चाहते हैं तो उन्हें जिला के तीन नशामुक्ति केन्द्र में दाखिल कराएं। नागरिक नशा से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 1933 पर काल करें। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक दीपक, एसडीएम नारनौल अनिरुद्ध यादव, एसडीएम महेंद्रगढ़ योगेश सैनी, एसडीएम नांगल चौधरी उदय सिंह, एसडीएम कनीना डॉ जितेंद्र सिंह, डीएमसी रणवीर सिंह, डीएसपी भारत भूषण, नगराधीश डॉ मंगलसेन, जेल अधीक्षक संजय बांगड़ तथा सीएमओ डॉ अशोक कुमार के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

# तोदी महाविद्यालय में वित्तीय जागरूकता व साइबर सुरक्षा विषय पर कार्यशाला आयोजित

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

स्थानीय श्री भगवानदास तोदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को विद्यार्थियों के लिए वित्तीय जागरुकता व साइबर सुरक्षा विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत सरस्वती माँ के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। कार्यक्रम के दौरान सेबी प्रशिक्षक डॉ मनोज धानिया ने वित्तीय जागरुकता विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान समय में भी युवाओ मे वित्तीय साक्षरता का अभाव है जिससे युवा विभिन्न प्रकार के भ्रमजाल में फंसकर अपनी मेहनत की कमाई गवां देते हैं। इसके साथ ही विभिन्न उदाहरण के माध्यम नेसे सही समय पर,



सही जगह,सही तरीके से निवेश करने के लिए जागरूक किया। आरबीआई प्रशिक्षक व केग अधिकारी रमेश अग्रवाल ने साइबर सुरक्षा पर चर्चा करते हुए युवाओं को साइबर फ्रोड के विभिन्न प्रकार ,बचाव के तरीके, फ्रोड होने पर किससे तथा कैसे शिकायत करने के लिए विस्तृत रूप से जानकारी दी। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एन एस नाथावत तथा प्रशासक प्रमेन्द्र सिंह शेखावत ने भी विद्यार्थियों को कार्यशाला में प्राप्त जानकारी को अपने व्यावहारिक जीवन में अपनाकर अपने जीवन को उन्नत बनाने तथा अपने परिचित लोगों को भी जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ आनन्द शर्मा ने किया। कार्यशाला में सभी स्टाफ सदस्यों के साथ ही बडी संख्या में महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वंयसेवक, एनसीसी कैडेट्स रेन्जर-रोवर्स व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# डिजिटल जनगणना का शंखनाद: महवा में प्रगणकों ने सीखा घर-घर के आंकड़ों की 'जादूगरी' का डिजिटल पाठ

### पहली बार मोबाइल ऐप से होगी 'सिरों की गिनती', 16 मई से गांव-ढाणी पहुंचेगी टीम, 1 मई से शुरू होगा खुद के आंकड़े भरने का 'स्वगणना' अभियान।

**भीम प्रज्ञा न्यूज.महवा।**

**मनोज खंडेलवाल** । देश के भविष्य की तस्वीर साफ करने वाली जनगणना 2027 को लेकर अब महवा क्षेत्र में भी सरकारी मशीनरी पूरी तरह सक्रिय हो गई है। आगामी दिनों में होने वाली इस राष्ट्रीय कवायद को लेकर कस्बे के नगरपालिका परिसर में आयोजित तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का गुरुवार को समापन हुआ, जिसमें महवा क्षेत्र के 41 प्रगणक और 6 सुपरवाइजरों को डिजिटल डेटा जुटाने के गुर सिखाए गए। चार्ज जनगणना अधिकारी और अधिशासी अधिकारी प्रमोद कुमार शर्मा ने प्रशिक्षणार्थियों में जोश भरते हुए साफ किया कि इस बार जनगणना का स्वरूप पूरी तरह बदल चुका है। यह देश की पहली ऐसी जनगणना होगी जहां कागजों का झंझट खत्म होगा और मोबाइल ऐप के जरिए डिजिटल माध्यम से एक-एक घर की जानकारी दर्ज की जाएगी। ईओ शर्मा ने निर्देश दिए कि 16 मई से 14 जून तक चलने वाले इस महाभियान से पहले 1 मई से 15 मई तक आमजन के पास 'स्वगणना' का



विकल्प रहेगा, जिसके लिए प्रगणकों को अपने-अपने ब्लॉक में ग्रामीणों को जागरूक करना होगा ताकि लोग स्वयं ही अपनी जानकारी ऐप पर साझा कर सकें। प्रशिक्षण के दौरान फील्ड ट्रेनर रामवीर मीणा और संजय शर्मा ने जनगणना के कानूनी प्रावधानों की बारीकियां समझाते हुए एचएलबी और एचएलओ ऐप के संचालन का व्यावहारिक ज्ञान दिया। उन्होंने नक्शा बनाने की कला यानी 'नजरी नक्शा' और मकानों की नंबरिंग के साथ-साथ मकान सूचीकरण की जटिलताओं को भी आसान भाषा में प्रगणकों के जेहन में उतारा। प्रकोष्ठ प्रभारी रोहिताश कुमार शर्मा ने बताया कि इस प्रथम चरण में मुख्य रूप से आवास और मकानों की गणना पर जोर रहेगा, जिसमें घर की स्थिति, उपलब्ध सुविधाओं और संपत्तियों का पूरा कच्चा-चिट्ठा जुटाया जाएगा। प्रशिक्षण के अंतिम दिन प्रगणकों और पर्यवेक्षकों ने खुद ही 'स्वगणना' प्रपत्र भरकर इस प्रक्रिया की शुरुआत की। 'अपना फर्ज निभाना है, जनगणना 2027 को सफल बनाना है' के संकल्प के साथ प्रशिक्षण का समापन हुआ, जिसमें संगीता, यतीश रावत सहित कई कार्मिकों ने मुस्तैदी दिखाई। प्रशासन की इस तैयारी से साफ है कि महवा की एक-एक ढाणी और मकान की जानकारी अब एक क्लिक पर डिजिटल रिकॉर्ड का हिस्सा बनने जा रही है।

# बाबा उमद सिंह वॉलीबॉल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ, 20 टीमों के बीच रोमांचक मुकाबलों की शुरुआत

**भीम प्रज्ञा न्यूज.बुहाना।**

कस्बे में खेल उत्साह और युवा जोश के बीच बाबा उमद सिंह वॉलीबॉल प्रतियोगिता का दो दिवसीय आयोजन शनिवार को धूमधाम के साथ प्रारंभ हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि दिल्ली पुलिस के मोहन लाल नाडिया ने फीता काटकर किया। उद्घाटन अवसर पर खेल मैदान में खिलाड़ियों और दर्शकों की भारी भीड़ देखने को मिली, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बन गया। इस प्रतियोगिता में कुल 20 टीमों ने भाग लिया है, जो क्षेत्र के विभिन्न गांवों और कस्बों का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। उद्घाटन मैच खादवां और भिर्र टीम के बीच खेला गया, जिसमें भिर्र की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खादवां



को हराकर जीत के साथ टूर्नामेंट की शुरुआत की। मैच के दौरान खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल कौशल का प्रदर्शन किया, जिससे दर्शक रोमांचित हो उठे।

कार्यक्रम में दिल्ली पुलिस के अरविंद सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इनमें आमिर खान, रोहित यादव, ऋषभ रजनीश, एडवोकेट राकेश कुमार, जितेंद्र, प्रीतम और देवेंद्र सिंह प्रमुख रूप से शामिल रहे। सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और खेल भावना के साथ खेलने की प्रेरणा दी। प्रतियोगिता के आयोजकों ने बताया कि विजेता टीम को 7100 रुपए और उपविजेता टीम को 4100 रुपए की पुरस्कार राशि दी जाएगी। मुख्य अतिथि मोहन लाल नाडिया ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के साथ-साथ युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं, बल्कि अनुशासन, टीमवर्क और आत्मविश्वास भी विकसित करते हैं। दो दिवसीय इस टूर्नामेंट में कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे। स्थानीय खेल प्रेमी और ग्रामीण बड़ी संख्या में मैदान में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ा रहे हैं। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला रविवार को खेला जाएगा, जिसका सभी को बेसब्री से इंतजार है।

# पचेरीकलां स्टैंड पर डस्ट से भरा ट्रोला अनियंत्रित होकर पलटा, दो हिस्सों में बंटा, दुकानों में भर गई डस्ट

**भीम प्रज्ञा न्यूज.पचेरी।**

पचेरीकलां स्टैंड पर अल सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई जब डस्ट से भरा एक ट्रोला अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसा इतना जबरदस्त था कि ट्रोला दो हिस्सों में बंट गया। गनीमत रही कि इस दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, हालांकि चालक जितेंद्र को मामूली चोटें आईं। जानकारी के अनुसार एक ट्रोला सिंघाना की ओर से डस्ट लेकर हरियाणा की ओर जा रहा था। इस दौरान जब वह पचेरीकलां पंहुचा तो स्टैंड के पास मोड़ पर अचानक संतुलन बिगड़ने से वह पलट गया। पलटते ही ट्रोले में भरा डस्ट सड़क पर फैल गया, जिससे कुछ समय के लिए यातायात पूरी तरह बाधित हो



गया। घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। सूचना मिलने पर पचेरीकलां पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस ने घायल चालक को प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भिजवाया। इस दौरान जेसीबी मशीन की मदद से सड़क पर फैली डस्ट को हटाने और क्षतिग्रस्त ट्रोले को किनारे करने का कार्य किया गया।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार हादसे का कारण घुमावदार मोड़ पर अचानक ट्रोला अनियंत्रित होना माना जा रहा। मामले की जांच जारी है। प्रशासन ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे भारी वाहनों को नियंत्रित गति में चलाएं, खासकर भीड़भाड़ वाले इलाकों और स्टैंड के पास। इस घटना ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं और स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है। ट्रोला पलट जाने से डस्ट दुकानों में घुस गई। इस दौरान ग्रामीणों ने ओवरलोड वाहनों पर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।

### मंडावर में कचरा डालने को लेकर भिड़े दो पक्ष, अब दूसरे पक्ष ने भी दर्ज कराया क्रॉस मामला

# पालिका सफाईकार्मिक व पूर्व चैयरमैन के ससुर ने पुजारी पर लगाये मारपीट व जातिसूचक शब्दो के आरोप

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर।**

**मनोज खंडेलवाल** । थाना इलाके के महवा हाईवे रोड पर कचरा डालने को लेकर उपजा विवाद अब तूल पकड़ता जा रहा है। शुक्रवार को पुजारी पक्ष की ओर से जानलेवा हमले और लूट की रिपोर्ट दर्ज कराए जाने के बाद शनिवार को दूसरे पक्ष के नगर पालिका सफाईकर्मी व ट्रैक्टर मालिक व पूर्व पालिका चैयरमैन सरिता नारेडा के ससुर की ओर से भी मंडावर थाने में क्रॉस मामला दर्ज करवाया गया है। इस घटनाक्रम ने क्षेत्र में तनाव के साथ-साथ प्रशासनिक गलियारे में भी हलचल तेज कर दी है। दूसरे पक्ष ने पुलिस को दी गई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि जब वे सार्वजनिक स्थानों से एकत्रित कचरा डालने गए थे, तो उनके साथ न केवल मारपीट की गई बल्कि जातिसूचक शब्दों से अपमानित कर सरकारी कार्य में बाधा भी डाली गई। नगर पालिका क्षेत्र मंडावर की सफाई व्यवस्था में लगे ट्रैक्टर के चालक सफाईकार्मिक सुखराम हरिजन ने रिपोर्ट में बताया कि वह अपने साथी सफाईकार्मिकों के साथ दो ट्रैक्टरों में कचरा संग्रहण कर महवा हाईवे रोड स्थित कचरा पॉइंट पर कचरा खाली करने गया था। उसका आरोप है कि सुबह करीब साढ़े नौ बजे पुजारी ताराचंद शर्मा ने उसके फोन पर फोन कर उसे कचरा डालने हेतु ट्रैक्टर लेकर आने पर हाथ-पैर तोड़ने की धमकी दी। इस दौरान जब नगरपालिका के सफाई निरीक्षक और सुपरवाइजरों के निर्देश पर वह ट्रैक्टर लेकर मौके पर पहुंचा, तो वहां घात लगाकर बैठे मंदिर पुजारी ताराचंद शर्मा ने अचानक उस पर हमला कर दिया। वहीं कचरा संग्रहण करने वाले ट्रैक्टर मालिक मक्खनलाल मीणा ने रिपोर्ट में आरोप लगाया कि पुजारी ताराचंद शर्मा ने उसके साथ लात-घूंसों से मारपीट की और सार्वजनिक रूप से जातिसूचक शब्दों से भी अपमानित किया। साथ ही भविष्य में वहां आने पर जान से मारने की धमकी देकर राजकीय कार्य को रोक दिया गया।

**मंदिर के पुजारी ने लगाया था जमीन हड़पने और जानलेवा हमले का आरोप।** - गौरतलब है कि इस मामले का पहला पहलू एक दिन पूर्व ही सामने आ चुका है, जिसमें मंदिर पुजारी ताराचंद शर्मा ने मंडावर थाने में रिपोर्ट देकर बताया था कि कुछ नामजद लोगो के द्वारा उसकी पुश्तैनी मंदिर माफी की जमीन पर कब्जा करने की नीयत से वहां जबरन कचरा डाला जा रहा है। पुजारी के अनुसार, जब उसने ट्रैक्टर से वहाँ पर कचरा डालने का विरोध किया, तो दूसरे पक्ष के नामजद दर्जनभर आरोपियों ने उस पर कुल्हाड़ी और डंडों से हमला कर दिया, जिससे उसके सिर पर गंभीर चोट आई। मंदिर पुजारी का यह भी आरोप है कि हमलावरों ने उसकी जेब से 15 हजार रुपए और मोबाइल छीन लिया तथा पूर्व के मुकदमों में राजीनामा करने का दबाव बनाया। वहीं पुजारी ने उच्च न्यायालय के सुरक्षा संबंधी आदेशों का हवाला देते हुए पूर्व पालिका चैयरमैन सरिता नारेडा के ससुर व देवर सहित कुल दर्जनभर नामजद आरोपियो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराते हुये आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। अब दोनों पक्षों की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद मंडावर थाना पुलिस ने मामले की गहनता से जांच शुरू कर दी है। इस पूरे विवाद के केंद्र में वह जमीन है, जिस पर लंबे समय से मालिकाना हक और कब्जे को लेकर विवाद चला आ रहा है। पुजारी पक्ष जहां इसे मंदिर माफी की अपनी पुश्तैनी और हाईकोर्ट द्वारा संरक्षित संपत्ति बता रहा है, वहीं नगरपालिका प्रशासन के सफाईकार्मिको का व पालिका के अंतर्गत कचरा संग्रहण करने वाले ट्रैक्टर चालक का कहना है कि वे वर्षों से निर्धारित स्थल पर ही कचरा निस्तारण का कार्य कर रहे हैं।

# झुंझुनू कोर्ट परिसर में परिंदों के लिए सराहनीय पहल

**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।**

भीषण गर्मी के बीच वृद्धि धारी अजय वर्मा द्वारा झुंझुनू जिला न्यायालय परिसर व कैंटीन में परिंदों के लिए घोंसले वह पानी पीने के लिए परिंडे लगाएंगे लगाए गए, जो प्रकृति प्रेम और मानवता की एक अनोखी मिसाल बनकर सामने आया। इस नेक कार्य में एसडीएम मैडम व मोहसिन, कदीर भाटी, नयूम शाहिद, राजेंद्र वकील रविंद्र जी लांबा रवि सहित अन्य सहयोगियों के साथ-साथ कैंटीन के लोगों ने भी बढ़-



चढ़कर हिस्सा लिया। सभी ने मिलकर अजय वर्मा जी का साथ दिया और परिंदों के लिए सुरक्षित आश्रय तैयार किया। यह पहल समाज को यह संदेश देती है कि इंसानियत सिर्फ इंसानों तक सीमित नहीं, बल्कि हर जीव के प्रति हमारी जिम्मेदारी है। इस तपती गर्मी में जब परिंदों को भी सहारे की जरूरत होती है, तब एक छोटा सा घोंसला और पानी का एक बर्तन किसी की जिंदगी बचा सकता है। आइए, हम भी आगे बढ़ें और प्रकृति के इन नन्हें साथियों का सहारा बनें।

# कुम्हार समाज की बैठक आज

भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।

कुम्हार समाज की कल 3 मई रविवार को शाम पांच बजे कुमावत भवन, सरकारी अस्पताल के पास आयोजित होगी।कार्यक्रम के संयोजक मुकेश कुमावत ने बताया कि बैठक में आगामी प्रतिभा सम्मान समारोह को लेकर विस्तृत चर्चा की जाएगी। समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों,एंव भामाशाहों को सम्मानित करने की रूपरेखा तय की जाएगी।उन्होंने समाज के पदाधिकारियों एवं गणमान्य लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपने सुझाव देने की अपील की है ।

# थाना क्षेत्रों में कानून व्यवस्था संभालने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट तैनात

भीम प्रज्ञा न्यूज.नारनौल।

रविवार को आयोजित होने वाली नीट परीक्षा को सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। उपायुक्त अनुपमा अंजली ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की शक्तियों का प्रयोग करते हुए विभिन्न थाना क्षेत्रों के अंतर्गत कानून व्यवस्था और यातायात प्रबंधन के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेटों की नियुक्ति की है। इस व्यवस्था के तहत थाना शहर नारनौल के लिए जन स्वास्थ्य विभाग के एसडीओ जसवीर सिंह, थाना सदर नारनौल के लिए बीकेएन पॉलीटेक्निक के प्रधानाचार्य अनिल यादव, थाना शहर महेंद्रगढ़ के लिए पंचायती राज के एसडीओ कुलदीप और यातायात थाना नारनौल के लिए एचएसएएमबी के एसडीओ प्रवेश कुमार को जिम्मेदारी सौंपी गई है। ये सभी अधिकारी संबंधित पुलिस अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर परीक्षा के दौरान शांति व्यवस्था और सुचारू यातायात सुनिश्चित करेंगे। नारनौल उपमंडल क्षेत्र के सेंटरों के लिए आरएफओ रजनीश कुमार को रिजर्व ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। इसी प्रकार महेंद्रगढ़ उपमंडल क्षेत्र के सेंटरों के लिए जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग से कार्यकारी अभियंता अमित जैन को रिजर्व ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है।

# गजानंद दोबड़ा ने किया भारतीय कबड्डी टीम का स्वागत




भीम प्रज्ञा न्यूज.पिलानी।

खेल और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला। जब पिलानी क्षेत्र के गांव दोबड़ा के गजानंद कस्वां ने भारतीय महिला कबड्डी टीम का दिल्ली एयरपोर्ट पर स्वागत किया। जुनून ऐसा कि गजानंद ने स्वयं के घर पर मांगलिक कार्यक्रम (कुआ पूजन) को भी नजर अंदाज कर भारतीय टीम का स्वागत करने तत्काल दिल्ली एयरपोर्ट पहुंच गए। भारतीय महिला टीम 6ठवें एशियन गेम्स बिच कबड्डी में चाइना में गोल्ड मेडलकर जीतकर दिल्ली पहुंचे। जैसे ही टीम दिल्ली हवाई अड्डे पर पहुंची तो गजानंद दोबड़ा ने कप्तान रितु श्योराण, निकिता (निक्कड़), मनप्रीत, सिमरन कंबोज, निकिता चौहान, मनीषा आदि को पुष्प गुच्छ भेंट कर वैलकम किया तथा बधाई और शुभकामनाएं देकर हौसला बढ़ाया। हैड कोच तेजस्विनी बाई, नसीब जांघू, राकेश कुमार, द्रोणाचार्य अवॉर्डी बलवान पूनिया, मेंस टीम कप्तान ब्रिजेंद्र चौधरी, जयभगवान, नीरज नरवाल, सीलू आदि मौके पर मौजूद रहे। भारतीय महिला टीम ने फाइनल में श्रीलंका को पराजित कर लगातार छठा गोल्ड मेडल जीतकर नया रिकॉर्ड बनाया।

# 'कागजों में दिखा दी योजना... लेकिन गांव प्यासा! अब हाई कोर्ट सख्त-हर वार्ड में बराबर पानी देने के आदेश!'

## झेरली जल विवादः कान सिंह बनाम भारत संघ, हाई कोर्ट सख्त-सभी वार्डों में समान पानी सप्लाई के आदेश

भीम प्रज्ञा न्यूज.पिलानी।

झुंझुनूं जिले के झेरली गांव में पेयजल आपूर्ति को लेकर लंबे समय से चल रहे विवाद में अब हाई कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ा फैसला सुनाया है, जहां कान सिंह (पुत्र दयाल सिंह) द्वारा भारत संघ व अन्य के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए राजस्थान हाई कोर्ट की खंडपीठ, जिसमें कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा एवं न्यायाधीश शुभा मेहता शामिल रहे, ने 29 अप्रैल 2026 को राज्य सरकार के शपथ पत्र को असंतोषजनक करार दिया, याचिकाकर्ता की ओर से



अधिवक्ता हिम्मत सिंह शेखावत ने पैरवी की जबकि प्रतिवादियों की ओर से भारत व्यास (ASG) के साथ सुमित टेटरवाल, राकेश चौधरी, अनुष्का खंडेलवाल, माही यादव (AAG), चेल्सी अग्रवाल, दिव्या राठौड़ (AAAG) और अंशुल रंगा ने पक्ष रखा, कोर्ट ने साफ निर्देश दिए कि गांव के सभी वार्डों में बिना किसी भेदभाव के समान रूप से पानी की सप्लाई सुनिश्चित की जाए और यह भी स्पष्ट किया कि निजी ट्यूबवेल से पानी लेने की व्यवस्था को स्वीकार नहीं किया जा सकता, साथ ही पब्लिक हेल्थ इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट के अधिशासी अभियंता को केंद्र सरकार की जल जीवन मिशन योजना को सभी वार्डों में प्रभावी रूप से लागू करने के आदेश दिए गए हैं, कोर्ट ने 25 मई 2026 तक विस्तृत रिपोर्ट पेश करने के निर्देश देते हुए तब तक सभी वार्डों में नियमित जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के सख्त आदेश जारी किए हैं।

# नीट परीक्षा को लेकर परीक्षा केन्द्रों पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट की तैनाती अतिरिक्त उपायुक्त होंगे नोडल अधिकारी

## नारनौल और महेंद्रगढ़ के 9 केंद्रों पर पैनी नजर

## परीक्षा के सफल संचालन के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

भीम प्रज्ञा न्यूज.नारनौल।

देश की प्रतिष्ठित नीट परीक्षा को पारदर्शी, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है। उपायुक्त अनुपमा अंजली के निर्देशों पर परीक्षा केंद्रों की गरिमा और सुरक्षा बनाए रखने के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। जिले के सभी परीक्षा केंद्रों पर ड्यूटी मजिस्ट्रेटों और कार्यकारी मजिस्ट्रेटों की नियुक्ति कर दी गई है। प्रशासन की प्राथमिकता है कि परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और परीक्षा की शुचिता हर हाल में बनी रहे। इस पूरी व्यवस्था की निगरानी के लिए अतिरिक्त उपायुक्त तरुण कुमार पावरिया को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जबकि जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी प्रशांत कुमार को कंट्रोल रूम का ओवरऑल इंचार्ज बनाया गया है ताकि पल-पल की रिपोर्ट फोन नंबर 01282-251322 पर संकलित की जा सके। जिले में कुल 9 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें



नारनौल उपमंडल के तहत 6 और महेंद्रगढ़ उपमंडल के तहत 3 केंद्र शामिल हैं। नारनौल में पीएम श्री राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल, राजकीय महाविद्यालय, राजकीय महिला महाविद्यालय, राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय रघुनाथपुरा और राजकीय महाविद्यालय कृष्णनगर शामिल है। इसी प्रकार महेंद्रगढ़ में राजकीय महाविद्यालय, राजकीय महिला महाविद्यालय और राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में केंद्र है।

# नीट परीक्षा की तैयारियों को लेकर उपायुक्त अनुपमा अंजली ने किया परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण

## सीसीटीवी निगरानी से लेकर पेयजल और सुरक्षा तक के प्रबंधों को परखा, अधिकारियों को दिए कड़े दिशा-निर्देश

भीम प्रज्ञा न्यूज

**नारनौल ।** नीट परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है और इसी कड़ी में आज उपायुक्त अनुपमा अंजली तथा पुलिस अधीक्षक दीपक ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व अन्य आवश्यक प्रबंधों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने केंद्र अधीक्षकों और संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि परीक्षा की गरिमा और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए हर केंद्र पर सीसीटीवी कैमरों की चौबीसों घंटे निगरानी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए केंद्रों पर शुद्ध पेयजल, उचित साफ-सफाई और बैठने की समुचित व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम होने चाहिए। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उन्होंने कहा कि पुलिस और ड्यूटी मजिस्ट्रेट आपसी समन्वय के साथ कार्य करें ताकि परीक्षा केंद्र के आसपास किसी भी प्रकार की बाहरी दखलअंदाजी न हो सके। उपायुक्त ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को हिदायत दी कि वे अंतिम समय की तैयारियों को पूरी गंभीरता से पूर्ण कर लें, क्योंकि परीक्षा के संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या कोताही के लिए कोई स्थान नहीं होगा।

# 'बदमाशों का पीछा... और निर्दोषों की जान चली गई! चिड़ावा में खौफनाक हादसा-मां की मौत, गर्भवती बेटी जिंदगी के लिए जंग लड़ रही'

## चिड़ावा में हमला और हादसाः बदमाशों के पीछा करने के दौरान मां की मौत, गर्भवती बेटी गंभीर

भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।

झुंझुनूं जिले के चिड़ावा क्षेत्र में सूरजगढ़ मोड़ पर शुक्रवार रात एक खौफनाक घटना सामने आई, जहां बर्तन व्यापारी महावीर महरिया पर बदमाशों ने हमला कर दिया, जानकारी के अनुसार व्यापारी का पैसों को लेकर कुछ लोगों से विवाद चल रहा था और रात करीब 9:30 से 10 बजे के बीच बोलेरो व अन्य वाहनों में सवार 7-8 बदमाशों ने उन्हें घेर लिया, हमलावर लोहे की सरियों और रॉड से लैस थे और उन्होंने व्यापारी की गाड़ी पर हमला कर दिया जिससे गाड़ी असंतुलित होकर दीवार से टकरा गई, इस दौरान बदमाशों द्वारा किए जा रहे पीछा और अफरा-तफरी के बीच सड़क किनारे पैदल चल रही मां-बेटी गाड़ी की चपेट में आ गई, हादसे में संतोष की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी गर्भवती बेटी मोनिका गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे झुंझुनूं रेफर किया गया है, बताया जा रहा है कि पुहानिया निवासी सुरेश अपनी पत्नी संतोष और बेटी मोनिका को डॉक्टर को दिखाकर वापस गांव लौट रहे थे, तभी यह हादसा हुआ, सुरेश साइड में होने के कारण बच गए, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है, फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि टक्कर किस वाहन से लगी, बदमाश घटना के बाद मौके से फरार हो गए हैं।

# नीट परीक्षार्थियों के लिए आज नारनौल व महेंद्रगढ़ में चलेगी विशेष बसें

## रोडवेज ने नीट परीक्षा के लिए तय किए 4 विशेष रूट

## इन विशेष बसों में परीक्षार्थियों के लिए मुक्त सुविधा उपलब्ध नहीं होगी, सामान्य किराया लगेगा

भीम प्रज्ञा न्यूज.नारनौल।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दिशा निर्देशानुसार 3 मई को नेशनल एलिजिबिलिटी कम इंट्रेंस (नीट) परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा के मद्देनजर हरियाणा राज्य परिवहन नारनौल ने पूरी तैयारी कर ली है। नारनौल रोडवेज के महाप्रबंधक देवदत्त ने बताया कि परीक्षार्थियों को जिला में उनके गंतव्य तक समय पर पहुंचाने के लिए विभाग द्वारा सुबह 9:00 से दोपहर 1:00 व सायं 5:00 से 7 बजे तक विशेष बसों का संचालन किया जाएगा। महाप्रबंधक ने बताया कि परीक्षार्थियों की सुलभता के लिए जिला में चार प्रमुख रूट निर्धारित किए गए हैं। इनमें तीन रूट नारनौल व एक रूट महेंद्रगढ़ के लिए बनाया गया है। उन्होंने बताया कि रुट नंबर-01 नारनौल बस स्टैण्ड से गऊशाला रोड़ होते हुए राजकीय महाविद्यालय केन्द्र नंबर 2311102, राजकीय महिला महाविद्यालय केन्द्र नंबर 2311103 व पीएम श्री छात्रा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय केन्द्र नंबर 2311101 तक जाएगी। इन तीनों केन्द्रों पर 2 मिनी बसों का संचालन किया जाएगा। रुट नंबर-2 नारनौल बस स्टैण्ड से महावीर चौक, हीरो होण्डा चौक से केन्द्रीय विद्यालय सिंघाना रोड़ रघुनाथपुरा केन्द्र नंबर 2311109 तथा राजकीय महाविद्यालय कृष्ण नगर (गोद बलाहा) केन्द्र नंबर 2311104 तक जाएगी। इन दोनों केन्द्रों पर 2 बसों का संचालन किया जाएगा। रुट नंबर -03 नारनौल बस स्टैण्ड से महावीर चौक, हीरो होण्डा चौक, सैनी धर्मकाटा से राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (महता चौक) केन्द्र नंबर 2311107 तक जाएगी। इस केन्द्र पर 2 बसों का संचालन किया जाएगा। इसी प्रकार रुट नंबर -01 महेन्द्रगढ़ बस स्टैण्ड से राव तुलाराम चौक से नारनौल मार्ग होते हुए राजकीय महिला महाविद्यालय केन्द्र नंबर 2311106 पर उतारकर राजकीय महाविद्यालय महेन्द्रगढ़ केन्द्र नंबर 2311105 व राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय केन्द्र नंबर 2311108 के परीक्षार्थी महाविद्यालय बस स्टैण्ड पर उतरेंगे। इन केन्द्रों पर 2 बसों का संचालन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उक्त बसों के अतिरिक्त निर्धारित समय पर चलने वाली बसे यथावत समय अनुसार ही चलेंगी तथा नीट परीक्षा के अभियार्थियों को कोई भी स्पेशल मुफ्त सुविधा उपलब्ध नहीं होगी। सभी परीक्षार्थियों का बसों में सामान्य किराया लगेगा।

# जलदाय विभाग की अनदेखी: गंदे पानी की सप्लाई से अरडावतिया कॉलोनी में बढ़ रहा बीमारियों का खतरा

## गंदा और बदबूदार पानी पीने को मजबूर वार्डवासी; बार-बार शिकायत के बाद भी कुंभकर्णी नींद में विभाग

भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।

शहर की अरडावतिया कॉलोनी और रानी सती मंदिर के आसपास के इलाकों में जलदाय विभाग की भारी लापरवाही के चलते जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। पिछले काफी दिनों से क्षेत्र में पेयजल सप्लाई



के साथ अत्यधिक गंदा और बदबूदार पानी आ रहा है, जिससे वार्डवासियों में भारी रोष व्याप्त है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि नलों में आने वाला पानी इतना प्रदूषित है कि उसे पीना तो दूर, कपड़े धोने या नहाने के काम में भी नहीं लिया जा सकता। पानी से उठने वाली तीव्र दुर्गंध के कारण घरों में रहना मुश्किल हो गया है। दूषित पानी के सेवन से बच्चों और बुजुर्गों में पेट दर्द एवं त्वचा रोगों का खतरा बढ़ गया है।वार्डवासियों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए बताया कि वे कई बार जलदाय विभाग (वाटर वर्क्स) के कार्यालय जाकर लिखित शिकायत दे चुके हैं। इतना ही नहीं, प्रदर्शन के दौरान अधिकारियों को बोतलों में भरकर वही गंदा पानी भी दिखाया गया, जिसे विभाग सप्लाई कर रहा है। लेकिन प्रशासन ने अब तक इस गंभीर समस्या की सुध नहीं ली है। अब देखना यह है कि विभागीय अधिकारी इस स्वास्थ्य संकट पर जागते हैं या जनता को इसी तरह बीमार होने के लिए छोड़ दिया जाएगा। हम बार-बार विभाग के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन हमारी सुनने वाला कोई नहीं है। यदि जल्द ही पाइपलाइन की लीकेज ठीक कर स्वच्छ पानी की सप्लाई शुरू नहीं की गई, तो वार्डवासी उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।'

# टोहाना एसडीएम आकाश शर्मा आईपीएस ने समैण में जनगणना कार्यों का किया निरीक्षण

## कन्हड़ी में जनगणना कार्य को लेकर प्रगणकों के साथ बैठक कर दिए आवश्यक दिशानिर्देश

भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।

**रजत विजय रंगा ।** एसडीएम आकाश शर्मा ने शनिवार को गांव समैण और कन्हड़ी का दौरा कर 'मकान सूचीकरण और आवास जनगणना' के कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने गांव समैण में चल रहे हाउस सर्वे का मौके पर निरीक्षण किया और गांव कन्हड़ी में प्रगणकों के साथ एक समन्वय बैठक आयोजित कर जरूरी दिशानिर्देश दिए।एसडीएम आकाश शर्मा ने गांव समैण में चल रहे जनगणना कार्य का निरीक्षण करते हुए ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों के साथ संवाद किया तथा उनके द्वारा एकत्रित किए जा रहे आंकड़ों की गहन समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनगणना का प्रथम चरण अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए प्रत्येक घर तक पहुंच सुनिश्चित करते हुए पूरी सूक्ष्मता और पारदर्शिता के साथ जानकारी दर्ज की जाए, ताकि कोई भी परिवार अथवा मकान गणना से वंचित न रहे। उन्होंने कर्मचारियों से निर्धारित समयावधि में कार्य को गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ पूर्ण



करने का आह्वान किया।गांव कन्हड़ी में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान एसडीएम आकाश शर्मा ने कर्मचारियों एवं सुपरवाइजर की कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी ली और जरूरी दिशानिर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने डिजिटल माध्यमों एवं मोबाइल ऐप के प्रभावी उपयोग को लेकर आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि तकनीक का सही प्रयोग डेटा प्रविष्टि में मानवीय त्रुटियों की संभावना को न्यूनतम करने में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने उपस्थित कर्मचारियों को टीम भावना एवं आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि जनगणना कार्य निर्धारित समय में सुचारू एवं प्रभावी ढंग से पूर्ण किया जा सके। एसडीएम ने अधिकारियों और कर्मचारियों से कहा कि जनगणना कार्य के दौरान आमजन के साथ शालीनता और विनम्रता का व्यवहार रखें। उन्होंने प्रगणकों को कार्य के दौरान आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों को दूर करने के लिए आवश्यक सुझाव दिए और डेटा की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया।एसडीएम आकाश शर्मा ने क्षेत्र के नागरिकों से आह्वान करते हुए कहा कि वे जनगणना के लिए आने वाले कर्मचारियों को सही और पूर्ण जानकारी प्रदान कर अपना सहयोग दें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रशासन और जनता के सक्रिय सहयोग से टोहाना उपमंडल में मकान सूचीकरण का यह कार्य एक आदर्श रूप में संपन्न होगा। इस अवसर पर संबंधित विभाग के सुपरवाइजर और जनगणना कर्मचारी मौजूद रहे।

# जनगणना 2027: मकान सूचीकरण कार्य जारी, एक माह तक चलेगा अभियान

## डीसी डॉ. विवेक भारती ने नागरिकों से की सही जानकारी देने की अपील

भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।

**रजत विजय रंगा ।** प्रधान जनगणना अधिकारी एवं डीसी डॉ. विवेक भारती ने बताया कि भारत सरकार की जनगणना 2027 के अंतर्गत जिला में 1 मई, 2026 से मकान सूचीकरण का कार्य विधिवत रूप से प्रारंभ हो गया है। यह महत्वपूर्ण अभियान आगामी एक माह तक लगातार संचालित किया जाएगा। डीसी ने बताया कि इस प्रक्रिया के तहत जिला के सभी ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों को हाउस लिस्टिंग ब्लॉक्स (एचएलबी) में विभाजित किया गया है। प्रत्येक ब्लॉक का दायित्व एक प्रशिक्षित प्रगणक (एन्यूमरेटर) को सौंपा गया है, जिनकी नियुक्ति विभिन्न विभागों के कर्मचारियों में से की गई है, ताकि कार्य को पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पूरा किया जा सके। उन्होंने बताया कि प्रगणक घर-घर जाकर सबसे पहले संबंधित क्षेत्र का नजरी नक्शा तैयार कर रहे हैं और सभी मकानों को क्रमवार संख्या प्रदान करेंगे। इसके पश्चात प्रत्येक घर से निर्धारित बिंदुओं पर जानकारी एकत्रित की जाएगी, जिसे मोबाइल ऐप के माध्यम से तुरंत ऑनलाइन दर्ज किया जाएगा। डीसी डॉ. भारती ने बताया कि इस सर्वेक्षण में घर के मालिक का नाम, मोबाइल नंबर, रसोईघर, शौचालय, पेयजल, बिजली, गैस कनेक्शन, कमरों की संख्या, फर्श एवं छत की स्थिति (कच्ची या पक्की) जैसी मूलभूत सुविधाओं से संबंधित जानकारी शामिल है, जो भविष्य की योजनाओं के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। डीसी ने स्पष्ट किया कि नागरिकों द्वारा दी जाने वाली सभी सूचनाएं पूर्णतः गोपनीय रखी जाएंगी। इनका उपयोग केवल सरकारी योजनाओं और नीतियों के निर्माण के लिए



किया जाएगा तथा किसी भी परिस्थिति में व्यक्तिगत जानकारी सार्वजनिक नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि ये सूचनाएं आरटीआई के अंतर्गत भी साझा नहीं की जाती हैं।

डीसी ने जिले वासियों से अपील करते हुए कहा कि जब प्रगणक उनके घर आएं, तो वे उनका सहयोग करें और सही व सटीक जानकारी उपलब्ध करवाएं। उन्होंने कहा कि यह कार्य राष्ट्रीय महत्व का है और इसमें आमजन की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नागरिक अपने सकारात्मक व्यवहार और सहयोग से न केवल इस अभियान को सफल बनाएं, बल्कि अपने गांव और जिला की एक अच्छी छवि भी प्रस्तुत करें।

# डुठारिया में मुख्य मार्ग गंदे पानी भराव से आमजन को परेशानी

भीम प्रज्ञा न्यूज

रानी उपखंड क्षेत्र के ग्राम डुठारिया के चौधरियों के वास के मुख्य चौराहे पर लंबे समय से गंदे पानी का जमाव एवं अत्यधिक गंदगी की गंभीर समस्या बनी हुई है। इस गंदगी के कारण क्षेत्र में मच्छरों का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है, जिससे मलेरिया, डेंगू एवं अन्य संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि आए दिन लोग बीमार पड़ रहे हैं तथा गंदगी के कारण आमजन का आवागमन भी प्रभावित हो रहा है। कई बार ग्राम पंचायत एवं संबंधित अधिकारियों को अवगत करवाने के बावजूद अभी तक स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। चौधरियों के वास के स्थानीय निवासियों एवं युवाओं ने इस गंभीर समस्या को लेकर प्रशासन से तत्काल प्रभाव से सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने, नालियों की सफाई करवाने तथा गंदे पानी की उचित निकासी की स्थायी व्यवस्था करने की मांग की है।

# नशे के खिलाफ सख्ती:सप्लाई चेन तोड़ने और युवाओं को बचाने पर फोकस

### फतेहाबाद में एनकॉर्ड बैठक:नशा मुक्ति केंद्रों की निगरानी बढ़ाने के आदेश

### युवाओं को नशे से बचाने के लिए प्रशासन सक्रिय, जागरूकता अभियान तेज होंगे

भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।



**रजत विजय रंगा ।** जिला में नशे की समस्या पर प्रभावी नियंत्रण के लिए लघु सचिवालय सभागार में एसपी निकिता खट्टर और एडीसी अनुराग ढालिया की अध्यक्षता में नार्को-ऑर्डिनेशन सेंटर (एनकॉर्ड) की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में पुलिस, स्वास्थ्य, शिक्षा व खेल विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान नशा मुक्त भारत अभियान के तहत प्रवर्तन, उपचार और जन-जागरूकता से जुड़े पहलुओं की गहन समीक्षा करते हुए 'स्टेट एक्शन प्लान' के अंतर्गत सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए गए। एसपी निकिता खट्टर ने बताया कि नशीली दवाओं की अवैध बिक्री पर रोक लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। ड्रग कंट्रोल विभाग के साथ मिलकर मेडिकल स्टोर्स की नियमित जांच की जा रही है तथा नशे के कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है। उन्होंने कहा कि फतेहाबाद को नशा व अपराध मुक्त बनाने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इसमें आमजन की भागीदारी भी बेहद जरूरी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि नशा बेचने या सेवन की सूचना मिलने पर हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के टोल फ्री नंबर 9050891508 या डायल 112 पर तुरंत जानकारी दें। एसपी में शिक्षा विभाग से कहा कि वे स्कूलों में शिकायत और सुझाव पेटी लगाएं। कोई बच्चा उसमें नशा बेचने वालो की जानकारी देता है तो उसको पुलिस विभाग के साथ शेयर किया जाए। स्कूलों में प्रहरी क्लब चालू रखा जाए और उसके तहत गतिविधियों की रिपोर्ट दी जाए। इसे बच्चों की जानकारी भी दें जो नशा की गिरफ्त में है ताकि उनको नशे से मुक्ति दिलाई जा सके। एडीसी अनुराग ढालिया ने कहा कि नशे की रोकथाम इलाज से बेहतर है और युवाओं को इस दलदल में जाने से बचाना समाज की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला में संचालित नशा मुक्ति केंद्रों में साफ-सफाई, भोजन, दवाइयों और अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा प्रत्येक मरीज का रिकॉर्ड व्यवस्थित रूप से रखा जाए। उन्होंने मेडिकल स्टोर्स की नियमित जांच सुनिश्चित करने और सभी दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही शिक्षण संस्थानों में विशेष अभियान चलाकर विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने, काउंसलिंग शिविर आयोजित करने तथा प्रत्येक स्कूल व कॉलेज में काउंसलिंग कक्ष स्थापित करने के निर्देश भी दिए। शिक्षकों को इसके लिए प्रशिक्षित करने और नशे की चपेट में आए छात्रों की पहचान कर उनके अभिभावकों के साथ समन्वय स्थापित करने पर भी जोर दिया गया। खेल विभाग को निर्देश देते हुए एडीसी ने कहा कि खिलाडियों पर विशेष नजर रखी जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि वे किसी प्रकार के प्रतिबंधित इंजेक्शन या स्टेरॉयड का प्रयोग न करें। उन्होंने 16 से 20 वर्ष आयु वर्ग के खिलाडियों के लिए ब्लॉक स्तर पर जागरूकता सेमिनार आयोजित करने के निर्देश भी दिए। युवाओं को खेलों की और प्रेरित करे। मई माह में होने वाले खेलों का शेड्यूल बनाकर दें और खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाए। बैठक में एनडीपीएस अधिनियम के तहत दर्ज मामलों, नशा मुक्त भारत अभियान की प्रगति, डी-एडिक्शन सेंटरों की स्थिति तथा जागरूकता कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर डीडीपीओ अनूप सिंह, प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र ज्यानी, सीएमओ डॉ. बुधराम, डीडीए डॉ. राजेश सिहाग, एआईपीआरओ डॉ. विनय बेनीवाल, डीएसओ विष्णु दास, परमजीत कौर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## आईसीडीएस के प्रयासों से एसआरएस के माध्यम से राज्य के आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषाहार वितरण 86 प्रतिशत हुआ

### उपमुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना के तहत बालिकाओं और महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण तकनीक आधारित कौशल प्रशिक्षण दिए जाने के दिए निर्देश

भीम प्रज्ञा न्यूज

**जयपुर** उपमुख्यमंत्री तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री दिया कुमारी ने मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना के तहत गुणवत्तापूर्ण कौशल की ट्रेनिंग दिए जाने के निर्देश। उन्होंने भविष्य में एआई की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए बालिकाओं और महिलाओं को कौशल विकास के प्रशिक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि ए आई के इस दौर में तकनीकी प्रशिक्षण से ही महिलाओं की आजीविका सुनिश्चित हो सकती है। उन्होंने इस हेतु महिला अधिकारिता निदेशालय द्वारा गुणवत्ता पूर्ण तकनीक आधारित प्रशिक्षण दिए जाने के निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री दिया कुमारी ने शनिवार शासन सचिवालय में उनकी अध्यक्षता में तथा महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री डॉ. मंजू बाघमार की उपस्थिति में विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की आयोजित समीक्षा बैठक में उक्त निर्देश दिए। दिया कुमारी ने लाडो प्रोत्साहन योजना पर चर्चा कर, पात्र लाभार्थियों को समय पर लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ने काली बाई भील उड़ान योजना की समीक्षा करते हुए योजना का प्रभावी क्रियान्वयन करने के लिए आवश्यक उपाय किये जाने के निर्देश दिए। इसी के साथ उन्होंने शिक्षा सेतु योजना और मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना और मुख्यमंत्री वर्क फ्रॉम होम योजना की भी समीक्षा की। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बैठक में राज्य सरकार की बजट घोषणाओं का समयबद्ध से क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री ने आंगनबाड़ी केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं जैसे विद्युत, पेय जल और क्रियाशील शौचालय के कार्यों में तीव्र प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने राज्य में आंगनबाड़ी केंद्रों पर आधारभूत सुविधाएं विकसित करने हेतु निर्माण एवं मरम्मत के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि जो निर्माण कार्य पूरे हो गए हैं उनका उच्चाधिकारी निरीक्षण कर भौतिक सत्यापन करें। इसी प्रकार उन्होंने प्रगतिरत कार्यों का भी निरीक्षण कर उनमें तेजी लाने के निर्देश दिए इसके साथ ही उन्होंने अप्रारम्भ कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि ये कार्य अप्रारम्भ क्यों हैं इसका समाधान कर कार्य शीघ्र प्रारम्भ करवाये जाने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही इस वर्ष आंगनबाड़ियों को 7 हजार 500 नए नंद घर विकसित करने के निर्देश दिए।

## प्रारंभिक शिक्षा बच्चों के सर्वांगीण विकास की नींव: संगीता बिश्नोई

### -केंद्रीय विद्यालय में नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए विद्या प्रवेश उत्सव एवं स्वागत समारोह आयोजित

भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।




**रजत विजय रंगा ।** केंद्रीय विद्यालय, बड़ोपल में कक्षा प्रथम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए विद्या प्रवेश उत्सव एवं स्वागत समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत से हुआ। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा नवप्रवेशी बच्चों का विशेष रूप से स्वागत किया गया। बच्चों को क्राउन पहनाए गए तथा उन्हें उपहार, चॉकलेट्स एवं स्कूल रेडीनेस पुस्तकें भेंट की गईं। बच्चों के चेहरे पर उत्साह और प्रसन्नता साफ झलक रही थी। कार्यक्रम की संचालिका एवं कक्षा प्रथम की कक्षा प्रभारी निशा बत्रा ने अभिभावकों को आगामी वार्षिक कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई ने कहा कि प्रारंभिक शिक्षा बच्चों के सर्वांगीण विकास की नींव होती है। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बच्चों के साथ सकारात्मक संवाद बनाए रखें और उनके सीखने की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाएं। विद्यालय के प्राचार्य अश्वनी कुमार सिंह ने बच्चों एवं अभिभावकों का उत्साहवर्धन करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, विशेषकर पौष्टिक खानपान और नियमित दिनचर्या पर बल दिया। कार्यक्रम के अंत में नवप्रवेशी विद्यार्थियों को विद्यालय का भ्रमण कराया गया, जिससे वे विद्यालय के वातावरण, कक्षाओं एवं विभिन्न सुविधाओं से परिचित हो सकें।

## श्री ठाकुर जी संत नामदेव महाराज मंदिर बड़ी पचेरी में मंदिर मे मूर्ति प्रतिष्ठा आज

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडी अटेली।

**मनोज बुलाण ।** श्री ठाकुर जी संत नामदेव महाराज मंदिर बड़ी पचेरी में 3 मई को नवनिर्मित आज रविवार को मूर्ति स्थापना की जाएगी। मूर्ति स्थापना समारोह में अटेली सहित महेंद्रगढ़ जिले से बड़ी संख्या में लोग पहुंचेगे। समारोह की अध्यक्षता प्रधानाचार्य अशोक कश्यप करेंगे। जानकारी देते हुए संत नामदेव समाज के मीडिया प्रभारी राकेश पेंटर ने दी। मूर्ति प्रतिष्ठा पर शोभायात्रा भी निकाली जाएगी। संत नामदेव भारतवर्ष में प्रसिद्ध संत हुए जिन्होंने समाज को नई दिशा प्रदान की है।

## श्री ठाकुर जी संत नामदेव महाराज मंदिर बड़ी पचेरी में मंदिर मे मूर्ति प्रतिष्ठा आज

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडी अटेली।

**मनोज बुलाण ।** श्री ठाकुर जी संत नामदेव महाराज मंदिर बड़ी पचेरी में 3 मई को नवनिर्मित आज रविवार को मूर्ति स्थापना की जाएगी। मूर्ति स्थापना समारोह में अटेली सहित महेंद्रगढ़ जिले से बड़ी संख्या में लोग पहुंचेगे। समारोह की अध्यक्षता प्रधानाचार्य अशोक कश्यप करेंगे। जानकारी देते हुए संत नामदेव समाज के मीडिया प्रभारी राकेश पेंटर ने दी। मूर्ति प्रतिष्ठा पर शोभायात्रा भी निकाली जाएगी। संत नामदेव भारतवर्ष में प्रसिद्ध संत हुए जिन्होंने समाज को नई दिशा प्रदान की है।

## पातूसरी पंचायत में रात्रि चौपाल, एलईडी वैन से योजनाओं की दी जानकारी

भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।

झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र की पातूसरी पंचायत में राजस्थान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों के व्यापक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से एलईडी मोबाइल वैन अभियान के तहत शुक्रवार रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एलईडी वैन के माध्यम से ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। रात्रि चौपाल के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। इससे ग्रामीणों में संतोष और विश्वास का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर झुंझुनूं विधायक राजेन्द्र भाम्बू ने राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी रूप से पहुंच रही हैं। कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी कौशल्या बिश्नोई, तहसीलदार महेंद्र मुंड सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शाहपुरा के त्रिवेणी धाम में की पूजा-अर्चना

### प्रदेश की समृद्धि एवं खुशहाली के लिए प्रार्थना की

भीम प्रज्ञा न्यूज

**जयपुर ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को शाहपुरा के त्रिवेणी धाम में दर्शन किए। उन्होंने परिसर में स्थित मंदिर में सीताराम जी एवं नृसिंह भगवान की पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली के लिए प्रार्थना की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने संत श्री रामरिछपाल दास जी महाराज से आत्मीय मुलाकात कर आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही, उन्होंने गंगादास जी महाराज की समाधि स्थल पर माल्यार्पण किया तथा भगवानदास जी महाराज एवं नारायणदास जी महाराज की प्रतिमा के भी दर्शन किए। इससे पहले मुख्यमंत्री ने गोशाला में गौ पूजन कर गायों को चारा खिलाया। इस अवसर पर राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरूण चतुर्वेदी एवं पूर्व विधायक अशोक परनामी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# फतेहाबाद पुलिस की बडी कार्यवाही: विदेश भेजने के नाम पर 9 लाख की ठगी करने के मामले में तीसरा आरोपी काबू

### थाना शहर रतिया पुलिस ने फरीदकोट (पंजाब) निवासी सह-आरोपी लवप्रीत सिंह को दबोचा

### पुर्तगाल और जर्मनी भेजने का झांसा देकर पीड़ित से ऐंठे थे पैसे; दो आरोपी पहले ही हो चुके हैं गिरफ्तार

भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद/रतिया।



**रजत विजय रंगा ।** फतेहाबाद पुलिस द्वारा कबूतरबाजी और धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना शहर रतिया की टीम को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने के मामले में तीसरे सह-आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान लवप्रीत सिंह पुत्र जगतार सिंह, निवासी पंजगराईं कलां (जिला फरीदकोट, पंजाब) के रूप में हुई है ।थाना शहर रतिया प्रभारी निरीक्षक पुष्पा ने जानकारी देते हुए बताया कि पीड़ित जसबीर सिंह निवासी गांव रत्ताखेड़ा ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसे और उसके परिवार को झांसे में लेकर आरोपियों ने पुर्तगाल और जर्मनी भेजने का वादा करके (नौ लाख रुपये) ले लिए। आरोपियों ने पीड़ित को दिल्ली, इंडोनेशिया और थाईलैंड ले जाकर गुमराह किया और अंत में लुधियाना छोड़कर फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर थाना रतिया में धारा 406, 420, 120B IPC के तहत मामला 201/2023 दर्ज किया गया था। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। अब पुलिस टीम ने मामले में संलिप्त तीसरे सह-आरोपी लवप्रीत सिंह को गिरफ्तार किया गया है । आरोपी लवप्रीत सिंह को माननीय न्यायालय में पेश किया जाएगा और नियमानुसार आगामी कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## भाजपा जनकल्याण मंच में नई जिम्मेदारी, कुलदीप लम्बा बने जिला उपाध्यक्ष

भीम प्रज्ञा न्यूज.जींद/नरवाना।



**रजत रंगा ।** भाजपा जनकल्याण मंच के संगठनात्मक विस्तार के तहत श्री कुलदीप लम्बा को जिला उपाध्यक्ष पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस नियुक्ति पर मंच के प्रदेश महामंत्री अशोक मेहरा ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। अशोक मेहरा ने अपने संदेश में कहा कि कुलदीप लम्बा एक कर्मठ, ईमानदार एवं समर्पित कार्यकर्ता हैं, जिनकी संगठन के प्रति निष्ठा और मेहनत निश्चित रूप से मंच को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा जनकल्याण के कार्यों को गति मिलेगी। इस अवसर पर भाजपा जनकल्याण मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष आर. दर्शन शाह की ओर से भी कुलदीप लम्बा को नई जिम्मेदारी मिलने पर हार्दिक बधाई प्रेषित की गई। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि संगठन को कुलदीप लम्बा जैसे युवा और ऊर्जावान नेतृत्व की आवश्यकता है, जो समाज सेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएंगे। संगठन के अन्य पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भी कुलदीप लम्बा को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की है।

## टोहाना पुलिस की सफलता: बैंक के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी करने वाला आरोपी काबू

### थाना शहर टोहाना पुलिस ने आरोपी पवन कुमार उर्फ पोंटी को भेजा जेल

### अप्रैल महीने में आईडीबीआई (आईडीबीआई) बैंक के बाहर से चोरी हुआ था मोटरसाइकिल

भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।



**रजत विजय रंगा ।** फतेहाबाद पुलिस द्वारा चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना शहर टोहाना पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए मोटरसाइकिल चोरी के मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।आरोपी की पहचान पवन कुमार उर्फ पोंटी पुत्र सेठीराम निवासी बिठमड़ा, जिला हिसार, हाल वार्ड नं. 1, चन्दन नगर, भूना के रूप मे हुई है । थाना शहर टोहाना प्रभारी निरिक्षक कुलदीप ने जानकारी देते हुए बताया की शिकायतकर्ता विक्रम सिंह (निवासी विडाईखेड़ा) ने पुलिस को दी दरखास्त में बताया था कि 10 अप्रैल 2026 को दोपहर करीब 2:33 बजे उन्होंने अपना मोटरसाइकिल मार्का हीरो (एच एफ डिलक्स) हिसार रोड स्थित आइडीबीआइ बैंक के बाहर खड़ा किया था। जब वह बैंक के अंदर से काम निपटाकर वापस आए, तो उनका मोटरसाइकिल वहां से गायब था। पीड़ित की शिकायत पर थाना शहर टोहाना में धारा 305 बीएनएस के तहत मुकदमा 113/2026 दर्ज किया गया था । पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और सूचना के आधार पर आरोपी पवन कुमार उर्फ पोंटी (निवासी बिठमड़ा, जिला हिसार, हाल वार्ड नं. 1, चन्दन नगर, भूना) को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी पवन कुमार को माननीय न्यायालय में पेश कर जिला जेल में बन्द करवाया गया । पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है ताकि अन्य वारदातों के बारे में भी सुराग लगाया जा सके।

## भाजपा जनकल्याण मंच के कार्यक्रम का हुआ सफल आयोजन-कुलदीप लाम्बा

### कार्यक्रम बना भाजपा संगठनात्मक संरचना की मजबूती का प्रतीक - नवनियुक्त उपाध्यक्ष कुलदीप लाम्बा

भीम प्रज्ञा न्यूज.नरवाना।



**रजत रंगा ।** नरवाना हल्का के गांव फुलिया कलां में आज भाजपा जनकल्याण मंच द्वारा आयोजित भव्य स्वागत समारोह ने पूरे क्षेत्र में एक नई राजनीतिक ऊर्जा और उत्साह का संचार कर दिया। यह कार्यक्रम न केवल संगठनात्मक मजबूती का प्रतीक बना, बल्कि जनकल्याण और विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को भी मजबूती से उजागर करने वाला रहा। कार्यक्रम में भाजपा जनकल्याण मंच के प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय अशोक तिलकधारी जी एवं प्रदेश महामंत्री अशोक मेहरा का जोरदार, ऐतिहासिक और गरिमामय स्वागत किया गया। आयोजन की अगुवाई कुलदीप सिंह को जिला उपाध्यक्ष बनने पर अपने कार्यालय में की गई, जहां दोनों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। स्वागत के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने जोरदार नारों और तालियों के साथ अपने नेताओं के प्रति सम्मान और समर्थन व्यक्त किया। इस मौके पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने हरियाणा के मुख्यमंत्री माननीय नायब सिंह सैनी जी के नेतृत्व में प्रदेश में हो रहे विकास कार्यों की विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों ने समाज के हर वर्ग–किसान, मजदूर, युवा और व्यापारी–को सीधा लाभ पहुंचाया है। गरीब कल्याण, रोजगार सृजन, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए गए कार्यों ने प्रदेश को नई दिशा देने का कार्य किया है। विशेष रूप से कैबिनेट मंत्री आदरणीय श्री कृष्ण बेदी जी द्वारा नरवाना क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों को ऐतिहासिक बताते हुए वक्ताओं ने कहा कि क्षेत्र में सड़क, पेयजल, बिजली, सफाई व्यवस्था, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में अभूतपूर्व सुधार देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि आज नरवाना विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है और आने वाले समय में यह क्षेत्र प्रदेश के अग्रणी क्षेत्रों में शामिल होगा। प्रदेश अध्यक्ष अशोक तिलक धारी जी ने अपने संबोधन में संगठन की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भाजपा जनकल्याण मंच केवल एक संगठन नहीं, बल्कि समाज सेवा का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन की असली पहचान हैं और उन्हीं के बल पर सरकार की योजनाएं घर-घर तक पहुंच रही हैं। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे एकजुट होकर संगठन को और मजबूत बनाएं तथा जनसेवा के कार्यों में निरंतर सक्रिय रहें। इस दौरान कुलदीप संधू, दलबीरा (रसीदा), नरेश सैनी, निर्मल लांबा, सतीश लांबा, सुशील लांबा, दिलबाग लांबा, पोलू राम पूनिया (रसीदा), धर्मपाल बानीवाल, भगवंत बानीवाल, जसवंत बानीवाल, सूबे सिंह लांबा, सूबे सिंह जांगड़ा, दर्शन लांबा, दीपक शर्मा एवं सुरेश वाल्मीकि सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

## कार्यालय स्वतन्त्रता सेनानी स्व. श्री सांवतराम राउमावि सोलाना, झुन्झुनूं

क्रमांक :- 42 दिनांक 02.05.2026

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमान मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (समग्र शिक्षा) चिड़ावा के आदेश क्रमांक 158 दिनांक 02.05.2026 की अनुपालना में दिनांक 13.05.2026 को प्रातः 11.00 बजे विद्यालय परिसर में विद्यालय की आइसीटी लैब के नाकारा/अक्रियाशील उपकरणों की सार्वजनिक नीलामी जिसका पुस्तक क्रय मूल्य 1,40,000 रू. (एक लाख चालीस हजार रूपये) है, इस हेतु गठित कमेटी द्वारा की जायेगी। जिसमें इच्छुक ई-वेस्ट निस्तारण रजिस्ट्रड एवं जीएसटी धारक व्यक्ति/फर्म नियमानुसार अमानत राशि जमा करवाकर बोली में भाग ले सकते हैं। नीलामी की शेष शर्ते कार्यालय समय में विद्यालय में देखी जा सकती हैं।

प्रधानाचार्य
स्वतन्त्रता सेनानी स्व. श्री सांवतराम राउमावि सोलाना, झुन्झुनूं

# आईपीएल 2026: पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस के बीच रोमांचक मुकाबला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 का एक और रोमांचक मुकाबला अहमदाबाद में होने जा रहा है, जहाँ पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस आमने-सामने होंगी। शाम 7:30 बजे शुरू होने वाले इस मैच में, जहाँ पंजाब किंग्स अपनी पिछली हार से उबरकर वापसी करना चाहेगी, वहीं गुजरात टाइटंस लगातार तीसरी जीत दर्ज कर अपने अभियान को गति देने के इरादे से मैदान में उतरेगी। यह मुक़ाबला दोनों ही टीमों के लिए अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण है।

पंजाब किंग्स ने इस सीज़न की शुरुआत बेहद शानदार अंदाज़ में की थी, लगातार छह जीत दर्ज कर उन्होंने अपनी मज़बूत स्थिति का प्रदर्शन किया। हालांकि, हालिया हार ने टीम की कुछ कमज़ोरियों को उजागर किया है, खासकर गेंदबाज़ी विभाग में निरंतरता की कमी चिंता का विषय बनी हुई है। आठ मैचों में 13 अंकों के साथ टीम अभी भी अंक तालिका में शीर्ष पर है, जो उनकी शुरुआती ज़बरदस्त फॉर्म का नतीजा है। बल्लेबाज़ी के मोर्चे पर, पंजाब किंग्स ने अपनी ताक़त दिखाई है। सलामी बल्लेबाज़ प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह ने टीम को लगातार मज़बूत शुरुआत दी है, जबकि मध्य क्रम में श्रेयस अय्यर और कूपर कोनोली जैसे बल्लेबाज़ों ने पारी को संभाला है। इनकी बदौलत टीम बड़े लक्ष्य बनाने और उनका पीछा करने में सफल रही है। इस मैच में भी टीम को अपनी बल्लेबाजी पर काफी भरोसा होगा ताकि वे अपनी शीर्ष स्थान को बरकरार रख सकें।

दूसरी ओर, गुजरात टाइटंस का प्रदर्शन इस सीज़न में उतार-चढ़ाव भरा रहा है। हालांकि, टीम ने हाल ही में लगातार दो जीत हासिल कर आत्मविश्वास प्राप्त किया है और 10 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर पहुँच गई है। गुजरात की बल्लेबाज़ी काफी हद तक अपने शीर्ष तीन बल्लेबाज़ों पर निर्भर करती है, जिनकी फॉर्म टीम के प्रदर्शन में निर्णायक भूमिका निभाती है। मध्य क्रम में, वॉशिंगटन सुंदर ने कुछ अच्छी पारियाँ खेली हैं, लेकिन शाहरुख खान और राहुल तेवतिया जैसे फिनिशर अभी तक अपनी पूरी क्षमता के साथ प्रभाव नहीं छोड़ पाए हैं। पिछले मैच में टीम में शामिल किए गए जेसन होल्डर ने गेंद और फील्डिंग दोनों से महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जिससे टीम को थोड़ी राहत मिली है। इस मैच में उनसे भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी, खासकर फिनिशिंग में टीम को एक मजबूत प्रदर्शन की दरकार है। यह मुक़ाबला गुजरात के लिए प्लेऑफ की दौड़ में अपनी स्थिति को और बेहतर बनाने का एक बेहतरीन अवसर है।

यह मुकाबला दोनों टीमों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, जहाँ एक ओर पंजाब शीर्ष पर अपनी पकड़ मज़बूत करना चाहेगी, वहीं गुजरात अपनी लय को बरकरार रखते हुए प्लेऑफ की दौड़ में आगे बढ़ना चाहेगी। दर्शकों को निश्चित रूप से एक कांटे की टक्कर देखने को मिलेगी।




# एशियन गेम्स और वर्ल्ड चैंपियनशिप की तैयारियों में लगी हैं मनु



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ओलंपिक पदक विजेता महिला निशानेबाज मनु आजकल एशियन गेम्स और वर्ल्ड चैंपियनशिप की तैयारियों में लगी हैं। मनु का लक्ष्य इन टूर्नामेंटों में बेहतर प्रदर्शन कर पेरिस ओलंपिक क्वालिफिकेशन चक्र के लिए अपनी दावेदारी पक्की करना है। मनु का कहना है कि अभी उनका ध्यान अपना फॉर्म बनाये रखते हुए बेहतर प्रदर्शन करने पर है। मनु ने दृढ़ता से कहा, इस साल एशियन गेम्स और वर्ल्ड चैंपियनशिप जैसे महत्वपूर्ण टूर्नामेंट्स हमारे सामने हैं, और हम इन दोनों बड़ी प्रतियोगिताओं के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने कोच के साथ बैठकें की हैं और आगामी टूर्नामेंट्स तथा अपनी तैयारी की एक संपूर्ण और सुनियोजित रूपरेखा तैयार कर ली है। इससे ये साफ है कि उनकी रणनीति केवल तात्कालिक सफलता पर नहीं, बल्कि एक लंबी अवधि की योजना का हिस्सा है।

उन्होंने पिछले साल 10 मीटर एयर पिस्टल में वर्ल्ड कप रजत पदक जीता और इस साल भी 25 मीटर पिस्टल में एशियन चैंपियनशिप में रजत हासिल किया। अब उनका लक्ष्य एक बार फिर अपनी पुरानी, शीर्ष स्तरीय लय हासिल करना है, जो उन्हें अंतरराष्ट्रीय मंच पर एक निर्विवाद मजबूत दावेदार बनाएगी। यह वापसी केवल उनके लिए नहीं, बल्कि भारतीय शूटिंग जगत के लिए भी प्रेरणा का स्रोत होगी।

2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक का क्वालिफिकेशन चक्र भी इसी साल से शुरू हो रहा है, और मनु भाकर इस पर भी अपनी पैनी निगाहें जमाए हुए हैं। उनका मानना है कि एशियन गेम्स और वर्ल्ड चैंपियनशिप जैसे बड़े आयोजनों में किया गया दमदार प्रदर्शन न केवल उन्हें वर्तमान सत्र में सफलता दिलाएगा, बल्कि लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए भी एक मजबूत दावेदार के रूप में स्थापित करेगा।

खेल के साथ अपने व्यक्तिगत जुड़ाव को भी मनु ने साझा किया। उन्होंने 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स में शूटिंग की वापसी पर अपनी खुशी व्यक्त की। अपने खेल जीवन के अलावा, मनु ने अपने व्यक्तिगत जीवन में आए एक महत्वपूर्ण बदलाव का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया, मैं अब एक आध्यात्मिक व्यक्ति हूं। यह आध्यात्मिक यात्रा ओलंपिक के दौरान ही शुरू हुई थी, और अब मैं पूरी तरह से इस रास्ते पर आगे बढ़ रही हूं। यह नया दृष्टिकोण उन्हें मानसिक शांति और एकाग्रता प्रदान कर रहा है, जो एक उच्च-स्तरीय एथलीट के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

# थॉमस कप में फ्रांस ने रचा इतिहास, पहली बार सेमीफाइनल में पहुंचकर भारत से भिड़ेगा

**डेनमार्क (एजेंसी)।** डेनमार्क के होर्सेन्स में खेले जा रहे प्रतिष्ठित थॉमस कप में फ्रांस ने इतिहास रचते हुए पहली बार सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई है। फ्रांस ने क्वार्टर फाइनल में जापान पर 3-0 की शानदार जीत के साथ यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। इस विजय ने न केवल फ्रांस को प्रतियोगिता में अपना पहला पदक दिलाया है, बल्कि अब सेमीफाइनल में उनका मुकाबला गत चैंपियन भारत से तय हो गया है, जो बैडमिंटन प्रशंसकों के लिए एक रोमांचक भिड़ंत का वादा करता है। फ्रांस की टीम ने टूर्नामेंट में अपना असाधारण प्रदर्शन जारी रखा, खासकर एकल स्पर्धाओं में उन्हें पूरी तरह से सफलता मिली। क्रिस्टो पोपोव ने कोडाई नाराओका के खिलाफ एक कड़े शुरुआती मुकाबले में लय बनाई और आखिरकार जीत हासिल की। क्रिस्टो ने मैच के बाद कहा, जब आप कोडाई के साथ खेलते हैं, तो आपको पता होता है कि यह लंबा होने वाला है और आप जानते हैं कि वह आसान गलतियां नहीं करेगा। वह आपको दौड़ाएगा, बहुत पसीना दिलाएगा। मैं इसके लिए तैयार था। इसके बाद, एलेक्स लैनियर ने युशी तनाका पर जीत के साथ फ्रांस की बढ़त को 2-0 किया, जिससे टीम एक ऐतिहासिक नतीजे के कगार पर पहुंच गई।

निर्णायक तीसरे रबर में, टोमा जूनियर पोपोव ने कोकी वतनबे के खिलाफ 21-19, 23-21 से जीत हासिल की, जिसने उनकी टीम को पहली बार सेमीफाइनल में पहुंचाया। टोमा जूनियर ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा, मैं बहुत खुश और आनंदित हूं। मेरे शरीर में अब ऊर्जा नहीं बची है। मैंने कोर्ट पर अपना सब कुछ झोंक दिया। यह अविश्वसनीय है। हमने मंगलवार को इंडोनेशिया के खिलाफ जीतकर और क्वालीफाई करके इतिहास रचा, और अब हम इसे फिर से लिख रहे हैं, टीम चैंपियनशिप में पहला मेडल। उन्होंने फ्रेंच बैडमिंटन और फ्रांस पर इस जीत के बड़े प्रभाव पर भी जोर दिया, इसे देश के खेल के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण बताया।

इस बीच, भारत ने भी चीनी ताइपे पर 3-0 से दमदार जीत हासिल करके सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई है। भारत की यह जीत लक्ष्य सेन, आयुष शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी व चिराग शेट्टी की डबल्स जोड़ी के शानदार प्रदर्शन से मिली। मेजबान टीम डेनमार्क ने भी थाईलैंड पर 3-1 से जीत हासिल करके अंतिम चार में अपनी जगह पक्की की।

# हैदराबाद में महामुकाबला: एक तरफ सनराइजर्स का विजय रथ, दूसरी ओर केकेआर की वापसी की चुनौती

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 में एक रोमांचक मुकाबले के लिए हैदराबाद का राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम तैयार है, जहां सनराइजर्स हैदराबाद का सामना कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा। यह मुकाबला भारतीय समयानुसार दोपहर 3-30 बजे शुरू होगा, और फैंस को एक हाई-ऑक्टेन मैच की उम्मीद है। एक ओर जहां सनराइजर्स अपनी शानदार फॉर्म और लगातार जीत के सिलसिले को बरकरार रखने के इरादे से मैदान में उतरेगी, वहीं कोलकाता नाइट राइडर्स टीम इस सीज़न में अपनी लय खोजने और अंक तालिका में ऊपर चढ़ने के लिए संघर्ष करती नज़र आएगी।




सनराइजर्स हैदराबाद इस समय टूर्नामेंट की सबसे खतरनाक टीमों में से एक लग रही है। वे लगातार पांच मैच जीत चुकी है और नौ मैचों में छह जीत तथा बारह अंकों के साथ अंक तालिका में तीसरे स्थान पर काबिज है। टीम की सबसे बड़ी ताकत उसकी बल्लेबाजी है, जिसने लगातार बड़े स्कोर खड़े किए हैं और उन्हें खिताब का प्रबल दावेदार बना दिया है। अभिषेक शर्मा, हेनरिक क्लासेन, ईशान किशन और ट्रैविस हेड जैसे बल्लेबाज प्रचंड फॉर्म में हैं। हाल ही में, ऑस्ट्रेलिया के विस्फोटक सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड ने 76 रनों की आतिशी पारी खेलकर टीम को 243 रनों के विशाल लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा करने में मदद की थी, जो उनकी बल्लेबाजी इकाई की गहराई और क्षमता को बखूबी दर्शाता है। कप्तान पैट कमिंस की वापसी से टीम की गेंदबाजी को भी मजबूती मिली है, जो पहले से ही संतुलन में दिख रही है। प्रफुल्ल हिंगे, साकिब हुसैन और ईशान मलिंगा जैसे युवा और अनुभवी गेंदबाज भी महत्वपूर्ण मौकों पर अच्छा योगदान दे रहे हैं, जिससे टीम एक पूर्ण और आत्मविश्वास से भरी इकाई के रूप में दिख रही है।

दूसरी ओर, कोलकाता नाइट राइडर्स का प्रदर्शन इस सीज़न में उम्मीदों के मुताबिक नहीं रहा है और वे उतार-चढ़ाव भरे दौर से गुज़र रही है। टीम अंक तालिका में आठवें स्थान पर है। हालांकि उन्होंने हाल के दो मैच जीते हैं, लेकिन टीम में अभी भी स्थिरता की कमी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। कप्तान अजिंक्य रहाणे की अगुवाई में टीम अभी तक अपनी पूरी क्षमता का प्रदर्शन नहीं कर पाई है। बल्लेबाजी विभाग में फिन एलन और टिम सीफर्ट जैसे खिलाड़ियों का निराशाजनक प्रदर्शन चिंता का विषय रहा है, जबकि वरुण चक्रवर्ती का फॉर्म भी टीम के लिए एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। तेज गेंदबाजी विभाग में अनुभव की कमी ने भी टीम के लिए मुश्किलें खड़ी की हैं। कोलकाता को अब हर विभाग में बेहतर प्रदर्शन करने की सख्त जरूरत है ताकि वे टूर्नामेंट में अपनी स्थिति में सुधार कर सकें और प्लेऑफ की दौड़ में बने रहें।

दोनों टीमों के बीच पिछले मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद ने 65 रनों के बड़े अंतर से जीत दर्ज की थी, जो इस आगामी मैच में उनके आत्मविश्वास को और बढ़ाएगा। सनराइजर्स अपनी जीत की हैट्रिक को छह मैचों तक ले जाना चाहेगी, जबकि केकेआर उस हार का बदला लेने और अपने सीज़न को पटरी पर लाने की पुरजोर कोशिश करेगी। यह मुकाबला निश्चित रूप से रोमांचक होने की उम्मीद है, जिसमें सनराइजर्स की विस्फोटक बल्लेबाजी और केकेआर की वापसी की भूख के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिलेगी।

# केएल राहुल बने आईपीएल के नए सिक्सर किंग, विराट और रोहित को छोड़ा पीछे

नई दिल्ली । दिल्ली कैपिटल्स के सलामी बल्लेबाज़ केएल राहुल ने आईपीएल में उस समय इतिहास रचा जब उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेली गई अपनी 75 रनों की मैच जिताऊ पारी के दौरान 5 गगनचुंबी छक्के लगाए। इन 5 छक्कों के साथ केएल राहुल आईपीएल इतिहास में बतौर भारतीय ओपनर 200 छक्के जड़ने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं, जिससे उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पूर्व कप्तान विराट कोहली और मुंबई इंडियंस के रोहित शर्मा जैसे दिग्गज बल्लेबाज़ों को भी पीछे छोड़ दिया है। केएल राहुल और विराट कोहली के बीच बतौर ओपनर छक्कों की यह रेस आईपीएल 2026 की शुरुआत से ही चल रही थी, मगर राहुल ने इस महत्वपूर्ण मुकाबले में शानदार प्रदर्शन कर अब इस रेस में निर्णायक बढ़त बना ली है। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 226 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए, केएल राहुल ने 40 गेंदों पर 75 रनों की धुआँधार पारी खेली। अपनी इस पारी के दौरान राहुल ने 6 चौके और 5 गगनचुंबी छक्के लगाए, जिसका मतलब है कि उन्होंने अपनी पारी के 50 प्रतिशत से अधिक रन सिर्फ़ चौके और छक्कों से बनाए। इन 5 छक्कों के साथ, केएल राहुल के नाम आईपीएल इतिहास में बतौर ओपनर कुल 201 छक्के हो गए हैं। वहीं, विराट कोहली 192 छक्कों के साथ दूसरे पायदान पर हैं, जो अब राहुल से 9 छक्के पीछे हो गए हैं। इस लिस्ट में मुंबई इंडियंस के स्टार बल्लेबाज़ रोहित शर्मा काफ़ी पीछे रह गए हैं।

# 225 रन बनाकर भी राजस्थान हारा, गेंदबाज़ों के सिर फोड़ा रियान पराग ने ठीकरा

नई दिल्ली । दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स ने जब 225 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया होगा, तब शायद उसने यह नहीं सोचा होगा कि उसकी टीम इतना बड़ा स्कोर बनाने के बावजूद हार जाएगी। लेकिन दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज़ों, खासकर केएल राहुल और पथुम निसांका की शानदार पारियों ने राजस्थान के इस स्कोर को बौना साबित करते हुए उन्हें एक करारी शिकस्त दी। दिल्ली के खिलाफ हार के बाद राजस्थान के कप्तान रियान पराग बेहद निराश नज़र आए और उन्होंने अपनी टीम की गलतियों को स्वीकार करते हुए हार का ठीकरा गेंदबाज़ों पर फोड़ा। पराग ने मैच के बाद बताया कि उनकी टीम से कहाँ गलती हुई जिसकी वजह से उन्हें 10 में से चौथी मैच में हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि बीच के ओवरों में उनके गेंदबाज़ों ने खूब रन लुटाए और लगभग हर ओवर में बाउंड्री भी दिए, जिससे टीम को हार का सामना करना पड़ा। उनका मानना था कि 200 के आसपास का स्कोर ठीक था, लेकिन बीच के ओवरों में और बेहतर गेंदबाज़ी की जा सकती थी ताकि विपक्षी टीम पर दबाव बनाया जा सके। केएल राहुल (40 गेंद में 75 रन) और पाथुम निसांका (33 गेंद, 62 रन) के अर्धशतकों की मदद से दिल्ली कैपिटल्स ने राजस्थान रॉयल्स को 19.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर सात विकेट से शिकस्त दी। दिल्ली कैपिटल्स लगातार तीन हार के बाद मिली इस जीत से आठ अंक लेकर तालिका में छठे स्थान पर पहुँच गई, जबकि राजस्थान रॉयल्स 12 अंक से चौथे स्थान पर कायम है। दिल्ली कैपिटल्स के लिए 'प्लेयर ऑफ़ द मैच' रहे राहुल (छह चौके, पांच छक्के) और निसांका (छह चौके, तीन छक्के) के बीच पहले विकेट के लिए 57 गेंद में 110 रन की महत्वपूर्ण भागीदारी हुई। इसके बाद नीतिश राणा ने 17 गेंद में 33 रन की पारी खेली, और फिर ट्रिस्टन स्टब्स (11 गेंद में नाबाद 18 रन) और आशुतोष शर्मा (15 गेंद में नाबाद 25 रन) ने टीम को पांच गेंद रहते तीन विकेट पर 226 रन तक पहुँचाकर ऐतिहासिक जीत दिलाई।

# महिला टी20 विश्व कप 2026 के लिए भारतीय ब्रिगेड का ऐलान

## इन 15 खिलाड़ियों को मिला मौका, हरमनप्रीत को कमान

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने महिला टी20 विश्व कप 2026 के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम की घोषणा कर दी है। इस बार 15 सदस्यीय टीम की कमान अनुभवी बल्लेबाज हरमनप्रीत कौर को दी गई है, जबकि स्टार ओपनर स्मृति मंधाना को उप-कप्तान बनाया गया है। चयन समिति ने मुंबई स्थित बीसीसीआई मुख्यालय में हुई बैठक के बाद टीम को अंतिम रूप दिया, जिसमें मुख्य चयनकर्ता अमिता शर्मा, सचिव देवजीत सैकिया, कप्तान कौर और मुख्य कोच अमोल मजूमदार भी मौजूद रहे।

इस दौरान टीम के चयन में कुछ बड़े और चौंकाने वाले फैसले दिखाई दिए हैं। प्रतिका रावल को टीम में जगह नहीं मिल सकी है, जबकि विकेटकीपर-बल्लेबाज यास्तिका भाटिया और लेफ्ट आर्म स्पिनर राधा यादव की वापसी हुई है। इसके अलावा तेज गेंदबाज नंदनी शर्मा को भी टीम में शामिल किया है, जो अभी तक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक भी मैच नहीं खेली हैं। वह घरेलू क्रिकेट और महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2026 में अपने प्रदर्शन के दम पर चर्चा में आई थीं। राधा यादव की वापसी को चयनकर्ताओं ने उनके हालिया ऑलराउंड प्रदर्शन का इनाम बताया है। उन्होंने पिछले साल इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। वहीं यास्तिका चोट से उबरकर




टीम में लौटी हैं। उन्होंने घुटने की सर्जरी के बाद लंबे समय तक क्रिकेट से दूरी बनाई थी और अब फिट होकर वापसी कर रही हैं। तेज गेंदबाजी विभाग इस समय चोटों से जूझ रहा है। ऑलराउंडर अमनजोत कौर पीठ की चोट के कारण बाहर हैं, जबकि कशवी गौतम को घुटने की गंभीर चोट के चलते ऑपरेशन कराना पड़ा है। इसके बाद नंदनी शर्मा को टीम में शामिल कर गेंदबाजी आक्रमण को मजबूती देने की कोशिश की गई है।

भारतीय टीम को आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2026 के ग्रुप 1 में रखा गया है, जिसमें ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, पाकिस्तान, बांग्लादेश और नीदरलैंड्स जैसी टीमें शामिल हैं। भारत अपना पहला मुकाबला 14 जून को बर्मिंघम में पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगा। इसके बाद नीदरलैंड्स, दक्षिण अफ्रीका, बांग्लादेश और ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीमों से मुकाबला होगा। भारत अब तक महिला टी20 विश्व कप का खिताब नहीं जीत सका है। 2020 में ऑस्ट्रेलिया में हुए टूर्नामेंट में टीम उपविजेता रही थी। अब 2026 में हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में टीम पहली बार खिताब जीतकर इतिहास रचने की कोशिश करेगी।

### महिला टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), शैफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, भारती फुलमाली, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), श्री चरानी, यस्तिका भाटिया (विकेटकीपर), नंदिनी शर्मा, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह ठाकुर, क्रांति गौड़, श्रेयंका पाटिल और राधा यादव का नाम शामिल है।

# जैमीसन को बेहद आक्रामक अंदाज़ में जश्न मनाना पड़ा मंहगा



नई दिल्ली । इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में गेंदबाज़ों की ताबड़तोड़ कुटाई कर रहे राजस्थान रॉयल्स के ओपनर वैभव सूर्यवंशी का बल्ला शुक्रवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खामोश रहा, जब वे सिर्फ़ 4 रन बनाकर आउट हो गए। लेकिन इस विकेट के बाद दिल्ली के न्यूजीलैंड तेज़ गेंदबाज़ काइल जैमीसन के आक्रामक जश्न ने सोशल मीडिया पर एक नई बहस छेड़ दी, और उन्हें प्रशंसकों की तीखी आलोचना का सामना करना पड़ा। वैभव सूर्यवंशी, जो अपनी विस्फोटक बल्लेबाज़ी और 250 से अधिक की स्ट्राइक रेट के लिए जाने जाते हैं, उनका विकेट किसी भी टीम के लिए बेहद अहम माना जाता है। काइल जैमीसन ने शानदार यॉर्कर फेंकी, जिससे 15 वर्षीय सूर्यवंशी के पास कोई जवाब नहीं था और वे क्लीन बोल्ड हो गए। विकेट लेने के बाद, जैमीसन ने बेहद आक्रामक अंदाज़ में जश्न मनाया। उन्होंने सूर्यवंशी के सामने ज़ोर-ज़ोर से ताली बजाई और उन्हें सैंड ऑफ दिया, मानो उन्होंने किसी महान बल्लेबाज़ का विकेट हासिल किया हो। हालांकि जैमीसन के इस आक्रामक व्यवहार ने शायद उनकी टीम को पसंद आया हो, लेकिन सोशल मीडिया पर प्रशंसकों ने इसकी कड़ी निंदा की। कई यूज़र्स ने जैमीसन के व्यवहार को अनुचित बताया, खासकर इसलिए क्योंकि वैभव सूर्यवंशी सिर्फ़ 15 साल के युवा खिलाड़ी हैं। यह बात सोशल मीडिया पर ट्रेंड करने लगी कि एक अनुभवी अंतरराष्ट्रीय गेंदबाज़ का एक किशोर खिलाड़ी के प्रति ऐसा व्यवहार कितना उचित है। एक यूज़र ने अपनी नाराज़गी व्यक्त करते हुए लिखा, अरे भाई ठंड रखो, वो सिर्फ़ 15 साल का ही है। एक अन्य यूज़र ने टिप्पणी की, अरे भाई, एक 15 साल के बच्चे का विकेट लेकर इतना खुश हो रहे हैं। ऐसे जश्न मना रहे हो यह बता रहा है कि उनका लगाया चौका आपके इगो को हर्ट कर गया। कई प्रशंसकों ने जैमीसन के इस कृत्य पर हँसते हुए इमोजी का उपयोग करके उनकी खिल्ली उड़ाई और सवाल उठाया कि क्या खेल भावना का सम्मान नहीं करना चाहिए। प्रशंसकों की नाराज़गी इस बात पर केंद्रित थी कि खेल में खेल भावना का सम्मान होना चाहिए, और एक युवा खिलाड़ी के प्रति इस तरह का आक्रामक सैंड ऑफ उचित नहीं था, भले ही वह विकेट कितना भी महत्वपूर्ण क्यों न रहा हो। इस घटना ने एक बार फिर आईपीएल में खिलाड़ियों के व्यवहार और खेल भावना के महत्व पर एक नई चर्चा का विषय छेड़ दिया है, जहाँ फैंस उम्मीद करते हैं कि खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ सम्मान और परिपक्वता भी दिखाएं।

# धोनी, रोहित और सूर्यकुमार: आईपीएल 2026 की सबसे वायरल तस्वीर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के सबसे यादगार पलों में से एक तब सामने आया जब भारत के तीन आईसीसी वर्ल्ड चैंपियन खिलाड़ी एक साथ एक ही फ्रेम में नज़र आए। महेंद्र सिंह धोनी और रोहित शर्मा के साथ सूर्यकुमार यादव की एक तस्वीर ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया और क्रिकेट प्रेमियों के बीच खुशी की लहर दौड़ गई। यह तस्वीर चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच शनिवार शाम होने वाले महत्वपूर्ण मुकाबले से पहले चेपॉक में दोस्ती और सम्मान की एक अनोखी झलक दिखाती है।

इस ख़ास पल को मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज़ सूर्यकुमार यादव ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर साझा किया। उन्होंने महेंद्र सिंह धोनी और रोहित शर्मा के साथ अपनी तस्वीर पोस्ट करते हुए कैप्शन में लिखा, ÷ग्रुप डीपी मिल गया। बस ग्रुप का नाम सजेस्ट करो।÷ इस पोस्ट ने तुरंत प्रशंसकों का ध्यान खींचा और कमेंट्स की बाढ़ आ गई, जहाँ हर कोई इन तीनों क्रिकेट दिग्गजों को एक साथ देखकर उत्साहित था। यह तस्वीर ऐसे समय में सामने आई है जब चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस दोनों ही टीमें आईपीएल 2026 में अपनी उम्मीदें बरकरार रखने के लिए करो या मरो के मुकाबले में आमने-सामने होंगी। लीग की ये दो सबसे सफल टीमें इस सीज़न लगातार अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रही हैं, और प्लेऑफ़ की दौड़ में बने रहने के लिए दोनों ही टीमें जीत के लिए बेताब हैं।

रुतुराज गायकवाड़ की कप्तानी वाली सीएसके अपने घरेलू मैदान चेपॉक पर भी इस सीज़न अस्थिर नज़र आई है। उनकी मिडिल ऑर्डर कमजोर रही है, वहीं गेंदबाज़ दबाव में मैच खत्म करने में नाकाम रहे हैं। पिछली बार जब दोनों टीमें वानखेड़े में भिड़ी थीं, तब संजू सैमसन के शतक की बदौलत सीएसके ने 103 रन से शानदार जीत दर्ज की थी, लेकिन इस बार मुंबई इंडियंस बदला लेने के इरादे से उतरेगी। सीएसके फिलहाल आठ मैचों में तीन जीत के साथ छठे स्थान पर है और टीम को अपने अनुभवी खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी की पिंडली की चोट के कारण गैरमौजूदगी का भी सामना करना पड़ रहा है।

वहीं मुंबई इंडियंस का सफ़र भी कुछ ऐसा ही रहा है। टॉप ऑर्डर की अच्छी शुरुआत के बावजूद, उनकी कमजोर मिडिल ऑर्डर और अनियमित गेंदबाजी ने उन्हें कई अहम मैचों में हार दिलाई है, जिसमें सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 243 रन का बचाव करने में नाकामी भी शामिल है। नौवें स्थान पर काबिज़ मुंबई इंडियंस के लिए राह और भी मुश्किल है। प्लेऑफ़ की




उम्मीदें ज़िंदा रखने के लिए उन्हें बाकी सभी मैच जीतने होंगे, जिससे यह मुकाबला दोनों टीमों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है। इस रोमांचक मुकाबले से पहले तीनों दिग्गजों की यह तस्वीर क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक सुखद अनुभव लेकर आई है, जो खेल की प्रतिस्पर्धा के बीच भी सम्मान और दोस्ती की मिसाल पेश करती है।

# संजू सैमसन ऑरेंज कैप की दौड़ में पिछड़े, शीर्ष-5 में वापसी की चुनौती


नई दिल्ली । इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में चेन्नई सुपर किंग्स के स्टार बल्लेबाज़ संजू सैमसन ने दो शानदार शतक लगाए हैं, लेकिन इसके बावजूद वह ऑरेंज कैप की रेस में काफ़ी पिछड़ गए हैं। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अपने पिछले मैच में फ्लॉप रहने के बाद, सैमसन ऑरेंज कैप की दौड़ में शीर्ष-10 बल्लेबाज़ों की सूची से भी बाहर होकर 13वें पायदान पर आ गए हैं। सैमसन कई मैचों में बड़ी और प्रभावशाली पारियाँ तो खेल रहे हैं, लेकिन उनकी निरंतरता की कमी उन्हें शीर्ष पर पहुँचने से रोक रही है। जब उनका बल्ला नहीं चलता तो वह काफ़ी सस्ते में आउट हो जाते हैं, यही कारण है कि वह कुछ ही समय में ऑरेंज कैप की रेस में पिछड़ गए हैं। राजस्थान रॉयल्स से चेन्नई सुपर किंग्स की टीम में शिफ्ट हुए सैमसन इस सीज़न पहली बार पीली जर्सी में नज़र आए। अभी तक सीएसके के लिए खेले 9 मैचों में उनके बल्ले से 50.67 की औसत और 169.83 के स्ट्राइक रेट के साथ 304 रन निकले हैं, जिसमें मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ उनके दो शानदार शतक भी शामिल हैं।

# प्रियंका चोपड़ा और दीपिका के अलावा आलिया भट्ट व श्रद्धा कपूर की भी एक फिल्म की फीस है 25 से 30 करोड़ रुपए




2026 में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय अभिनेत्रियों की लिस्ट काफी लंबी है। इस लिस्ट में दीपिका पादुकोण से लेकर प्रियंका चोपड़ा के अलावा कई अभिनेत्रियों का नाम शुमार है। ये हैं 2026 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय अभिनेत्रियां, जिनकी फीस सुनकर आपको होश जरूर उड़ जाएंगे।

## प्रियंका चोपड़ा




प्रियंका चोपड़ा इस समय सबसे ज्यादा फीस लेने वाली भारतीय अभिनेत्री बन गई हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एसएस राजामौली की फिल्म 'वाराणसी' में उन्होंने 30 करोड़ रुपए लिए हैं। उनकी एक फिल्म की फीस अब 40 करोड़ रुपए तक हो गई है। प्रियंका अब फिल्म 'वाराणसी' और सीरीज 'सिटाडेल 2' में नजर आएंगी।

## दीपिका पादुकोण



दीपिका पादुकोण दूसरी बार मां बनने के बाद भी टॉप पर हैं। कथित तौर पर दीपिका एक फिल्म के लिए करीब 30 करोड़ रुपए फीस लेती हैं। उनकी आने वाली फिल्मों में अल्लू अर्जुन के साथ 'राका' और शाहरुख खान के साथ फिल्म 'किंग' शामिल हैं। एटली कुमार द्वारा निर्देशित फिल्म 'राका' के लिए दीपिका को लगभग 25 करोड़ रुपए की फीस मिल रही है।

## आलिया भट्ट




आलिया भट्ट भी बहुत ज्यादा कमाई करने वाली अभिनेत्रियों की लिस्ट में शामिल हैं। आलिया अपनी एक फिल्म के लिए लगभग 30 करोड़ रुपए फीस लेती हैं। आलिया फिल्म 'लव एंड वॉर' में नजर आएंगी। संजय लीला भंसाली की आगामी फिल्म 'लव एंड वॉर' के लिए आलिया करीब 7 करोड़ रुपए फीस ले रही हैं। हालांकि, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, आलिया फिल्म के प्रॉफिट में हिस्सेदारी ले सकती हैं।

## श्रद्धा कपूर



'स्त्री 2' की जबरदस्त सफलता के बाद श्रद्धा कपूर ने अपनी फीस बढ़ा दी है। श्रद्धा अपनी आगामी फिल्मों के लिए अच्छी फीस की डिमांड कर रही हैं। उनकी एक फिल्म की फीस 25 से 30 करोड़ रुपए के बीच बताई जा रही है। वे 'नागिन' और 'स्त्री 3' जैसी फिल्मों में काम कर रही हैं।

## कटरीना कैफ



कटरीना कैफ बॉलीवुड की सबसे महंगी अभिनेत्रियों में से एक हैं। कटरीना अभी बच्चे के साथ समय बिता रही हैं। कटरीना की एक फिल्म की फीस 15 से 21 करोड़ रुपए के बीच है। 'टाइगर 3' जैसी बड़ी फ्रेंचाइजी के लिए कटरीना ने 15 से 21 करोड़ के बीच फीस ली थी। फिल्मों के अलावा, कटरीना ब्रांड एंडोर्समेंट से भी काफी कमाई करती हैं।

## करीना कपूर खान



करीना बॉलीवुड की सबसे महंगी अभिनेत्रियों में से एक हैं। बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री करीना कपूर खान एक प्रोजेक्ट के लिए कथित तौर पर करीब 18 करोड़ रुपए फीस लेती हैं। करीना जल्द ही फिल्म 'दायरा' में नजर आएंगी। मेघना गुलजार द्वारा निर्देशित इस क्राइम थ्रिलर फिल्म 'दायरा' में करीना के अलावा पृथ्वीराज सुकुमारन मुख्य भूमिकाओं में हैं। इस फिल्म की शूटिंग दिसंबर 2025 में पूरी हो चुकी है। यह फिल्म 2026 में रिलीज हो सकती है।

# 'कर्तव्य' निभाने को तैयार सैफ अली खान, सामने आई आगामी फिल्म की रिलीज डेट




सैफ अली खान जल्द ही खाकी वर्दी में अपना 'कर्तव्य' निभाते नजर आएंगे। नेटफ्लिक्स की उनकी आगामी फिल्म 'कर्तव्य' की रिलीज डेट सामने आ गई है। टीजर के जारी होने के बाद से ही फैंस फिल्म का इंतजार कर रहे थे, अब मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट घोषित कर दी है।

**15 मई को रिलीज होगी फिल्म:** शाहरुख खान के प्रोडक्शन हाउस रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के तले बनी पुलिस-ड्रामा फिल्म 'कर्तव्य' नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। ओटीटी प्लेटफॉर्म ने एक पोस्ट के जरिए फिल्म की रिलीज डेट घोषित की है। जिसके तहत 'कर्तव्य' 15 मई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम करेगी। नेटफ्लिक्स ने फिल्म से सैफ अली खान का एक पोस्टर साझा किया। इसमें सैफ पुलिस की वर्दी में निराश नजर आ रहे हैं। उनके सामने आग जलती दिख रही है। इसके साथ ही कैप्शन में लिखा गया, 'कर्तव्य के इस चक्रव्यूह में हर फैसला एक इम्तिहान होगा।'

**ऐसी है फिल्म की कहानी:** 'कर्तव्य' की कहानी एक पुलिस अधिकारी के इर्द-गिर्द घूमती है, जो ऐसी दुनिया में अपना काम करने की कोशिश करता है जहां सही और गलत की कोई स्पष्ट परिभाषा नहीं है। जहां उसके सामने भावनात्मक और नैतिक दुविधाएं आती हैं, क्योंकि वह पेशेवर जिम्मेदारियों और व्यक्तिगत हितों के बीच संतुलन बनाने की कोशिश करता है। जैसे-जैसे खतरे बढ़ते हैं, अधिकारी खुद को अपनी सीमाओं तक धकेला हुआ पाता है और न्याय की कीमत और चुप्पी के परिणामों पर सवाल उठाने लगता है।

**सैफ के अलावा फिल्म में नजर आएगी दमदार कास्ट:** फिल्म का निर्देशन 'भक्षक' फेम पुलकित ने किया है। फिल्म में सैफ अली खान मुख्य भूमिका में हैं। इसके अलावा रसिका दुगल, संजय मिश्रा, जाकिर हुसैन और मनीष चौधरी सरीखे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म का निर्माण शाहरुख खान की रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के तहक किया गया है। इसे प्रोड्यूस गौरी खान ने किया है। 'सेक्रेड गेम्स' की सफलता के बाद सैफ अली खान एक बार फिर पुलिस वाले किरदार में नजर आएंगे।



# आज के समय में 'मैं हूं ना' जैसी फिल्म दोबारा बनाना थोड़ा सा मुश्किल है : अमृता राव



**अभिनेत्री** अमृता राव ने अपने कॅरियर में कई फिल्में की हैं, लेकिन साल 2004 की एक्शन-कॉमेडी 'मैं हूं ना' उनके लिए मील का पत्थर साबित हुई थी। इस फिल्म में उन्होंने संजना का किरदार निभाया था। यह किरदार आज भी खासकर आज की जेन जी लड़कियों के बीच काफी लोकप्रिय है। फिल्म ने अपने रिलीज के 22 साल पूरे कर लिए हैं। इस अवसर पर अभिनेत्री अमृता राव ने इंस्टाग्राम के जरिए अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने फिल्म के कुछ सीन्स का मोंटाज वीडियो शेयर किया। इसके साथ उन्होंने फिल्म का लोकप्रिय गाना 'किसका है ये तुमको इंतजार मैं हूं ना' जोड़ा। अमृता ने लिखा, 'मैं हूं ना' अपनी सालगिरह मना रहा है। यह फिल्म मेरे कॅरियर की एक ऐसी फिल्म है, जो समय के साथ और भी बढ़ती जा रही है।' अभिनेत्री ने आगे फिल्म निर्देशक फराह खान की जमकर तारीफ की। उन्होंने निर्देशक को 'झांसी की रानी' बताते हुए लिखा कि फराह उस समय अपने से बहुत आगे की सोच रखती थीं। अमृता ने लिखा, 'फिल्म का ड्रेसिंग स्टाइल, हेयर, हेयरस्टाइल और 'चले जैसे हवाएं' जैसा कठिन 'वन-टेक' गाना आज भी बेमिसाल है। अमृता ने अपनी पोस्ट में फिल्म के उन किरदारों को भी याद किया, जिन्होंने दर्शकों को खूब हंसाया। अभिनेत्री ने सतीश शाह द्वारा निभाए गए 'थूकने वाले प्रोफेसर', बिंदु जी का 'मिस चांदनी' के प्रति ईर्ष्या वाला किरदार और मेजर राम (शाहरुख खान) के साथ उनके फ्लर्टिंग सीन्स का जिक्र किया। अमृता ने लिखा, 'आज के समय ऐसी फिल्में दोबारा बनाना थोड़ा सा मुश्किल है। यह फिल्म हम सबके बचपन का हिस्सा है और हमेशा दिल के करीब रहेगी। आज इस मौके पर अपने किसी खास इंसान को यह वीडियो भेजें और कहें- मैं हूं ना।' साल 2004 में रिलीज हुई फिल्म 'मैं हूं ना' में अमृता ने संजना बख्शी (संजू) का किरदार निभाया था। संजना आधुनिक, बेपरवाह और चुलबुली लड़की थी, जो लक्ष्मण प्रसाद शर्मा (जायद खान) को पसंद करती थी। फिल्म में उनका मेकओवर और शाहरुख खान के साथ उनके भावनात्मक दृश्य काफी लोकप्रिय हुए थे।

# 'मजनूं भाई' बनने के लिए अनिल कपूर ने वर्षों पहले कर ली थी तैयारी



बॉलीवुड एक्टर अनिल कपूर इन दिनों अपनी हालिया रिलीज हुई फिल्म 'सूबेदार' को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म में अभिनेता के एक्शन और अग्रेशन ने फैंस का दिल पूरी तरह से जीत लिया है, इसी बीच अभिनेता ने अपनी फिल्म और किरदारों को लेकर बड़ा खुलासा किया है। उनका कहना है कि फिल्म वेलकम में 'मजनूं भाई' के किरदार के लिए उन्होंने वर्षों पहले तैयारी कर ली थी। अनिल कपूर अपने हर किरदार को पूरी शिद्दत के साथ निभाते हैं और किरदार को पर्दे पर जीवंत करने के लिए पूरी जान लगा देते हैं। यही कारण है कि उनके द्वारा निभाए गए किरदार वर्षों तक उनके जेहन में जिंदा होते हैं और मौके पर उन्हीं किरदारों में बदलाव करके वह पर्दे पर नया किरदार निभाते हैं। ऐसा ही उन्होंने 1990 की फिल्म 'आवारगी' के गैंगस्टर के किरदार के साथ किया, जिसने उन्हें वेलकम में मजनूं भाई बनने की प्रेरणा दी। एक यूजर के ट्वीट को रिट्वीट करते हुए अनिल कपूर ने लिखा, 'आवारगी शायद मेरी सबसे चर्चित फिल्म न रही हो, लेकिन यह किरदार मेरे दिल से कभी नहीं निकला। सालों बाद वही किरदार मजनूं भाई के पीछे प्रेरणा बनकर लौटा, बस थोड़ा हल्के अंदाज में। कंधे झुकाने का तरीका, हाव-भाव, पागलपन, पहले महेश भट्ट की दुनिया में, बाद में अनीस बज्मी के अंदाज में जिंदगी का चक्र पूरा होता है।' 'आवारगी' में अनिल कपूर का किरदार खतरनाक गैंगस्टर का था, जो अपने उसूलों के खिलाफ जाकर वेश्यालय से मीनाक्षी शेषाद्री को बचाता है। फिल्म एक लव-ट्राएंगल बन जाती है, क्योंकि गोविंदा भी मीनाक्षी से प्यार करते हैं। इस फिल्म में अभिनेता के किरदार को सबसे ज्यादा पसंद किया गया था, क्योंकि पर्दे पर कॉमेडी और रोमांस करने अनिल कपूर को दर्शकों ने पहली बार खतरनाक गैंगस्टर के निगेटिव किरदार में देखा गया था। वहीं फिल्म 'वेलकम' का सीन भी कुछ ऐसा ही है। फिल्म में अभिनेता गैंगस्टर बने हैं, लेकिन उनके किरदार में कॉमेडी का तड़का है। साथ ही वह मल्लिका शेरावत से प्यार कर बैठते हैं, जिससे गैंगस्टर उदय शेट्टी (नाना पाटेकर) का भी दिल लगा है।

# कुछ तो शर्म बची होगी या सिर्फ ट्रोलिंग की सैलरी मिलती है, एक्टर्स की सर्जरी पर कमेंट करने वालों को पवित्रा पुनिया ने लगाई लताड़



अभिनेत्री पवित्रा पुनिया ने सोशल मीडिया पर एक्टर्स की सर्जरी को लेकर ट्रोलिंग करने वालों पर सख्त नाराजगी जताई है। उन्होंने ट्रोलर्स और कुछ मीडिया पेजों को आड़े हाथों लिया और कहा कि एक्टर्स की निजी जिंदगी और उनकी पसंद में दखल देना बंद करें। हाल के दिनों में कई एक्टर्स को उनके लुक को लेकर सोशल मीडिया पर ट्रोल किया गया है, जिसके खिलाफ पवित्रा पुनिया ने खुलकर आवाज उठाई है। पोस्ट किए वीडियो में वह साफ कहती नजर आईं कि सर्जरी करवाने के लिए एक्टर्स ने न उनसे सलाह मांगी और न पैसे तो सब मुंह बंद करके रहो। पवित्रा पुनिया ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें मौनी रॉय की 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' स्क्रनिंग की तस्वीर भी है। वीडियो में उन्होंने साफ-साफ कहा, 'सभी ट्रोलर्स के लिए-एक्टर्स को ट्रोल करना और परेशान करना बंद करो। यह तुम्हारी रसोई नहीं है और न ही तुम्हारा खाना है।' अभिनेत्री ने कहा कि कुछ लोग लगातार एक्टर्स पर टिप्पणी करते रहते हैं कि उन्होंने सर्जरी करवाई है, 500 सर्जरी करवाई हैं या 1 लाख सर्जरी करवाई हैं। पवित्रा ने कहा कि किसी भी एक्टर ने कितनी भी सर्जरी करवाई हो वह उनकी सलाह लेने नहीं आते और न ही उनसे पैसे लिए। उन्होंने कहा, कम से कम इंडस्ट्री में कुछ लोग तो ईमानदारी से कहते हैं कि हां, हम सर्जरी करवा रहे हैं। अगर तुम्हें या तुम्हारे परिवार को करवानी है तो बेझिझक करवाओ, लेकिन ट्रोल मत करो। बस चुप रहो। पवित्रा पुनिया ने मीडिया पेजों पर भी निशाना साधते हुए कहा कि वे तस्वीरें लगाकर दोहरे अर्थ वाले कैप्शन लिखते हैं, जिससे दर्शक अटकलें लगाते हैं और उनका एंगेजमेंट बढ़ता है। उन्होंने अपील की कि ऐसे लोग यह सब करना बंद करें। कैप्शन में पवित्रा ने लिखा, 'कुछ तो शर्म बची होगी या सिर्फ ट्रोलिंग की ही सैलरी मिलती है तुम लोगों को भाई?'



# प्रेगनेंसी के बीच दीपिका पादुकोण ने शुरू की 'किंग' की शूटिंग, वायरल तस्वीरों में साथ दिखे शाहरुख खान

**दीपिका पादुकोण** ने हाल ही में अपनी दूसरी प्रेगनेंसी की पुष्टि की है। प्रेगनेंसी के दौरान भी दीपिका अपनी आने वाली फिल्मों की शूटिंग जारी रखने वाली हैं। बहरहाल, इन दिनों दीपिका अभिनेता शाहरुख के साथ फिल्म 'किंग' की शूटिंग साउथ अफ्रीका में कर रही हैं, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं।



**फिल्म 'किंग' के सेट की तस्वीरें हुईं वायरल:** अभी दीपिका पादुकोण साउथ अफ्रीका के केप टाउन में शाहरुख खान के साथ अपनी आगामी फिल्म 'किंग' की शूटिंग कर रही हैं। इस फिल्म का निर्देशन सिद्धार्थ आनंद कर रहे हैं। शूटिंग के दौरान की कई तस्वीरें और वीडियो लीक होकर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई हैं, जिसे फैंस काफी पसंद कर रहे हैं।

**गाने की शूटिंग में व्यस्त हैं दीपिका और शाहरुख:** इन तस्वीरों में दीपिका और शाहरुख दोनों हाथ में हाथ डालकर एक गाने की शूटिंग करते दिख रहे हैं। दीपिका नारंगी रंग की सुंदर फ्लोई ड्रेस पहने बहुत खूबसूरत लग रही हैं। उनकी प्रेगनेंसी की चमक भी साफ दिख रही है। शाहरुख खान सफेद-नीली शर्ट और नीली पैंट में काफी हैंडसम दिख रहे हैं।

**वायरल तस्वीरों पर फैंस ने लुटाया प्यार:** फैंस दीपिका और शाहरुख की इन तस्वीरों को देखकर काफी उत्साहित हैं और लगातार अपनी राय पेश कर रहे हैं।

**दीपिका का आगे का शेड्यूल:** साउथ अफ्रीका में 'किंग' के गाने और एक्शन सीक्वेंस की शूटिंग पूरी करने के बाद दीपिका भारत वापस आएंगी। यहां वह अल्लू अर्जुन के साथ एटली की फिल्म 'राका' की शूटिंग शुरू करेंगी। इस फिल्म में उन्हें लगभग 50-60 दिन शूटिंग करनी है।

**कब रिलीज होगी फिल्म 'किंग':** 'किंग' मूवी शाहरुख खान और उनकी बेटी सुहाना खान की साथ में पहली फिल्म है। इसमें शाहरुख एक खतरनाक हत्यारे की भूमिका में नजर आ सकते हैं, जबकि सुहाना उनकी शिष्या बनकर ट्रेनिंग लेती नजर आएंगी। इस फिल्म में दीपिका पादुकोण, अभिषेक बच्चन, अनिल कपूर, रानी मुखर्जी जैसे कई बड़े कलाकार नजर आ सकते है। यह फिल्म 24 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## धनबाद में दर्दनाक हादसा : कोयले की स्लरी में दबकर 4 मजदूरों की मौत, कई के फंसे होने की आशंका

धनबाद (एजेंसी)। झारखंड के धनबाद जिले से शनिवार शाम एक दर्दनाक औद्योगिक हादसे की खबर सामने आई है। भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) की मुनीडीह कोल वाशरी परियोजना में स्लरी लोडिंग के दौरान अचानक कोयले का भारी ढेर मजदूरों पर आ गिरा, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। शुरुआती जानकारी के मुताबिक इस हादसे में अब तक 4 ठेका मजदूरों की मौत हो चुकी है, जबकि कई अन्य मजदूरों के मलबे में दबे होने की आशंका जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि शनिवार शाम करीब 5 बजे ट्रकों में स्लरी लोड करने का काम चल रहा था, तभी अचानक स्लरी का बड़ा हिस्सा भरभराकर नीचे गिर पड़ा और वहां काम कर रहे मजदूर उसकी चपेट में आ गए। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस, बीसीसीएल प्रबंधन और राहत दल मौके पर पहुंच गए। जेसीबी मशीनों और अन्य उपकरणों की मदद से युद्धस्तर पर रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। स्थानीय प्रशासन ने चार शव बरामद होने की पुष्टि की है। घटना के बाद मजदूरों और परिजनों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। हादसे ने एक बार फिर खदानों और औद्योगिक परियोजनाओं में सुरक्षा मानकों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## क्रूज हादसा : बरगी से निकाले गए दो बच्चों के शव, मृतक संख्या 11 हुई

जबलपुर (एजेंसी)। बरगी में चल रहे सर्च अभियान के दौरान आज शनिवार शाम विराज सोनी पिता कृष्ण सोनी (5) निवासी कोतवाली व श्रीतमिल पिता कामराज (5), निवासी वेस्टलैंड खमरिया का शव पाया गया। दो शव और मिलने के बाद क्रूज हादसे में मृतक संख्या बढ़कर 11 पहुंच गई है। बरगी बांध में गुरुवार को डूबे क्रूज में सवार लापता चार पर्यटकों में से दो बच्चों के शव मिल गए हैं, जबकि दो अन्य की तलाश अब भी जारी है। हादसे के 48 घंटे बाद भी राहत एवं बचाव दल लापता लोगों की खोज में जुटा हुआ है। विराज सोनी का शव शनिवार शाम 6 बजे घटनास्थल के पास मिला है। शव को सफेद कपड़े में लपेटकर मेडिकल कॉलेज भिजवाया है। इसके साथ ही हादसे में अब तक 11 लोगों की मौत हो चुकी है। कामराज (45) और उनका भतीजा मयूरम अब भी लापता है। सेना के साथ एनडीआरएफ-एसडीआरएफ वोट से सर्चिंग कर रही है। तेज हवा और डैम में उठ रही लहरों के कारण रेस्क्यू में समस्या आ रही है। मौके पर पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौजूद हैं। सर्चिंग टीम ने लापता लोगों की तलाश के लिए दायरा बढ़ा दिया है। एसडीओपी अंजुल अयंक मिश्रा ने बताया कि बीच-बीच में सर्चिंग कुछ देर के लिए रोकी जाती है। छोटी वोट होने के कारण तेज हवा में रेस्क्यू अभियान संभलकर चलाना पड़ रहा है। हादसे को हुए 48 घंटे से ज्यादा हो चुके हैं। अब भी 2 लोगों की बॉडी नहीं मिली है।

**जहां क्रूज डूबा वहां मगरमच्छ नहीं देखे गए**

मध्य प्रदेश टूरिज्म अधिकारियों ने कहा कि घटना स्थल पूरी तरह पथरीला है, इसलिए यहां मगरमच्छ नहीं देखे गए हैं, क्योंकि वे आमतौर पर कीचड़ वाले स्थान पर रहते हैं। बरगी बांध में मगरमच्छ हो सकते हैं, लेकिन वे घटनास्थल से कई किलोमीटर दूर हैं। जहां क्रूज डूबा, वहां पहले कभी मगरमच्छ नहीं देखे गए और न ही स्थानीय लोगों ने ऐसा सुना है।

## दिल्ली सीएम टिप्पणी मामला : पीयूष सुराणा को जमानत, कांग्रेस का सत्ता के दुरुपयोग का आरोप

अजमेर (एजेंसी)। राजस्थान के अजमेर में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर कथित अश्लील टिप्पणी मामले में गिरफ्तार कांग्रेस नेता पीयूष सुराणा को जमानत मिली है। खबर मिलते ही अजमेर कांग्रेस शहर अध्यक्ष डॉ. राजकुमार जयपाल के नेतृत्व में कार्यकर्ता एडीएम सिटी कार्यालय पहुंचे और भाजपा पर सत्ता के दुरुपयोग का आरोप लगाया। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि सुराणा को बिना किसी निष्पक्ष जांच के गिरफ्तार किया गया था। डॉ. जयपाल ने कहा कि कांग्रेस हमेशा महिलाओं का सम्मान करती है और इस पूरे मामले की वरिष्ठ अधिकारी से निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उन्होंने थाने में भाजपा महिला मोर्चा के कथित व्यवहार को भी निंदनीय बताकर जांच की मांग की। नेता प्रतिपक्ष द्रौपदी कोली ने भाजपा पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को डराने की कोशिश करने का आरोप लगाकर कहा कि पार्टी इसतरह के प्रयासों से डरेगी नहीं। उन्होंने कहा कि महिलाओं के पक्ष में कांग्रेस हमेशा खड़ी रही है और हमारे कार्यकर्ता को बिना जांच के गिरफ्तार किया गया। कांग्रेस नेता कोली ने भाजपा महिला मोर्चा के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग की। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि जमानत पहले भी मिल सकती थी, लेकिन जानबूझकर इसमें देरी की गई।

## बिहार में ऑर्केस्ट्रा पर पुलिस का शिकंजा : 21 नाबालिग रेस्क्यू, मानव तस्कर एजेंट गिरफ्तार

पटना (एजेंसी)। बिहार पुलिस ने पूरे राज्य में ऑर्केस्ट्रा पर बड़ी कार्रवाई शुरू की है, जो अब तक देह व्यापार का अड्डा बने हुए थे। पुलिस मुख्यालय के आदेश के बाद, इन ऑर्केस्ट्रा को रेड लाइट एरिया की तर्ज पर स्कैन किया जा रहा है ताकि इसमें चल रहे अवैध धंधों का पर्दाफाश हो सके। सीवान में 450 से अधिक ऑर्केस्ट्रा की जांच के दौरान अब तक 21 नाबालिग लड़कियों को रेस्क्यू किया गया है, इन लड़कियों से जबरन जिस्मफरोशी कराई जा रही थी। इसी कड़ी में, सारण पुलिस ने एक ऑर्केस्ट्रा से एक बांग्लादेशी लड़की को भी बरामद किया। किशनगंज में भी छापेमारी कर पुलिस ने 5 पुरुषों और 3 महिलाओं को गिरफ्तार किया है। सीवान पुलिस इन अवैध ऑर्केस्ट्रा को पूरी तरह बंद कराने की तैयारी में जुट गई है। पुलिस ने लड़कियों की खरीद-फरोख्त करने वाली मुख्य एजेंट गुड़िया को सीवान से गिरफ्तार किया है। उस पर नेपाल, बंगाल और देश के अन्य हिस्सों से लड़कियों की तस्करी करने का गंभीर आरोप है। पुलिस अधिकारियों ने दावा किया है कि अगले 15 दिनों के भीतर ऑर्केस्ट्रा पर और भी बड़े पैमाने पर कार्रवाई की जाएगी, जिससे इस धंधे में फंसी और भी कई लड़कियों को मुक्त कराया जा सकेगा।

# एग्जिट पोल्स पर ममता का हमला, शेयर बाजार में हेरफेर का लगाया आरोप

**-टीएमसी 200 पार के साथ सत्ता में करेगी वापसी**

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के बाद सामने आए एग्जिट पोल्स पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने इन एग्जिट पोल्स की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए शनिवार को कहा, कि इनके जरिए शेयर बाजार में हेरफेर करने की कोशिश की जा रही है।

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख एवं सीएम ममता बनर्जी ने एग्जिट पोल्स को पूरी तरह खारिज करते हुए दावा किया कि उनकी पार्टी इस बार 200 से अधिक सीटें जीतकर सत्ता में वापसी करेगी। मतगणना से पहले पार्टी कार्यकर्ताओं को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जमीनी स्तर पर पार्टी की स्थिति बेहद मजबूत है और कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम जीत के रूप में सामने आएगा।

सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि एग्जिट पोल्स का इस्तेमाल केवल जनमत का आकलन करने के लिए नहीं, बल्कि शेयर बाजार के व्यवहार को प्रभावित करने के एक औजार के रूप में किया जा रहा है। पार्टी सूत्रों के हवाले से मीडिया रिपोर्ट में इस बात का दावा किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया, एग्जिट पोल स्टॉक मार्केट में हेरफेर करने की एक कोशिश के अलावा और कुछ नहीं हैं। 2021 और 2024 में भी ऐसा ही किया गया था और इस बार भी वही प्रयास हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि टीएमसी फिर से सरकार बनाएगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अंतिम समय तक सतर्क और सक्रिय रहने की अपील की।

**अभिषेक ने किया समर्थन**

ममता के बयान के बाद अभिषेक बनर्जी ने भी उनकी बातों का समर्थन किया। डायमंड हार्बर से सांसद अभिषेक बनर्जी ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी चुनाव के दौरान मतदाताओं, खासकर महिलाओं को डराने-धमकाने के लिए केंद्रीय बलों का दुरुपयोग किया है। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा के नेता गांव-गांव जाकर माहौल प्रभावित करने की कोशिश करते रहे हैं। इस बीच कई जगहों पर महिलाओं व बच्चों के साथ दुर्व्यवहार की घटनाएं भी सामने आई हैं। साथ ही, उन्होंने मीडिया के एक वर्ग पर भी पक्षपातपूर्ण भूमिका निभाने का आरोप लगाया। चुनाव परिणामों से पहले इस तरह के आरोप-प्रत्यारोपों ने राज्य की राजनीति को और गर्मा दिया है। अब सबकी नजरें मतगणना के नतीजों पर टिकी हैं, जो इन दावों की सच्चाई को स्पष्ट करेंगे।



## मिशन पंजाब-शाह संभालेंगे कमान, ड्रग्स के खिलाफ भाजपा छेड़ेगी बड़ा अभियान

चंडीगढ़ (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल के मैराथन चुनावी अभियान के बाद अब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पंजाब की राजनीति पर अपना पूरा ध्यान केंद्रित कर दिया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए भाजपा ने 卐मिशन पंजाब卐 का खाका तैयार किया है, जिसके तहत अमित शाह अब चुनाव होने तक हर महीने राज्य का दौरा करेंगे। इस बार भाजपा की चुनावी रणनीति के केंद्र में ड्रग्स का मुद्दा रहने वाला है। बताया जा रहा है कि मई महीने से ही पंजाब में नशे के खिलाफ एक व्यापक अभियान की शुरुआत की जाएगी, जिसकी कमान स्वयं अमित शाह संभालेंगे। इस अभियान के अंतर्गत पूरे राज्य में जागरूकता यात्राएं निकाली जाएंगी, जिनमें समय-समय पर केंद्र और राज्य स्तर के दिग्गज नेता भी शिरकत करेंगे। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर जैसे राज्यों में सत्ता में होने के कारण भाजपा वहां मजबूत स्थिति में है, लेकिन पंजाब में अपनी पैठ बढ़ाने के लिए उसे एक बड़े और प्रभावी मुद्दे की तलाश थी। ऐसे में ड्रग्स के खिलाफ यह मुहिम चुनावी बिसात पर एक अहम चाल मानी जा रही है। भाजपा नेताओं का दावा है कि यह अभियान केवल राजनीतिक लाभ के लिए नहीं, बल्कि पंजाब के युवाओं को बचाने और सामाजिक बदलाव लाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। शाह के नेतृत्व में तैयार होने वाला यह नशामुक्त पंजाब रोडमैप राज्य की सियासत में नई हलचल पैदा करने वाला साबित होगा। आने वाले समय में ड्रग्स, कानून-व्यवस्था और विकास जैसे मुद्दों पर राज्य का राजनीतिक पारा और अधिक चढ़ना तय माना जा रहा है।



## शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती गोरखपुर से निकालेंगे 'गविष्ठी धर्मयुद्ध यात्रा'



**वाराणसी (एजेंसी)।** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती गौरक्षा का संकल्प लेकर 'गविष्ठी धर्मयुद्ध यात्रा' निकालेंगे। यह यात्रा प्रदेश के 403 विधानसभाओं से होकर गुजरेगी। यात्रा के दौरान शंकराचार्य सनातनी जनता से संवाद स्थापित करके उनको गौरक्षा के लिए श्रेष्ठ योगदान प्रदान करने के लिए प्रेरित करेंगे।

शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का कहना है कि गौमाता को राष्ट्र माता और राज्य माता घोषित कर उनके प्राणों की रक्षा करने में सरकार के समक्ष क्या कठिनाई है। क्या गौमांस के व्यापार से ही भारत के उदर की पूर्ति होगी। जगद्गुरू शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि गौमाता के प्राणों की रक्षा के लिए जितना यत्न भारत में हुआ अगर उतना प्रयास पाकिस्तान में भी होता तो वहां भी गौमाता के प्राणों की रक्षा सुनिश्चित कर उनको राष्ट्रमाता घोषित कर दिया जाता। दुर्भाग्य है कि भारत में खुद को हिंदूवादी कहने वाली सरकार के कानों पर जूं तक नही रेंग रही है। आखिर गौमाता को राष्ट्र माता और राज्य माता घोषित कर उनके प्राणों की रक्षा करने में सरकार के समक्ष क्या कठिनाई है? क्या अब गौमांस के व्यापार से ही भारत के उदर की पूर्ति होगी। गौमाता की रक्षा एवं प्रतिष्ठा के लिए सरकार को स्वयं संज्ञान लेकर कानून बनाना चाहिए था।

उन्होंने कहा कि जब लोकतंत्र में हर जगह बहुमत से निर्णय होता है, तो गौमाता की रक्षा के लिए इस देश का बहुमत बार-बार निवेदन कर रहा है। फिर भी बहुमत की अवज्ञा करने का क्या कारण है। भारत में सभी सनातनी चाहते हैं कि गौमाता राष्ट्रमाता घोषित हों, लेकिन स्वतंत्रता के 78 वर्ष बीत जाने के बाद भी हिंदुओं की आवाज को अनसुनी किया जा रहा है। धिक्कार है सरकारों को, जिन्होंने हिंदुओं के वोट लेकर हिंदुओं के साथ छल किया है। अब समय आ गया है कि सनातनी राजनीति का प्रारंभ कर अपने गौमाता के प्राणों एवं सनातनी मूल्यों की रक्षा करें। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कि हम लोगों की 11 मार्च को लखनऊ में गविष्ठी यात्रा की घोषणा हुई थी। उत्तर प्रदेश के सभी 403 विधानसभा क्षेत्रों से होकर यह गुजरेगी।

# बंगाल में केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती के बावजूद निष्पक्ष मतदान नहीं हुआ: अल्वी

**-चुनाव आयोग पर कांग्रेस ने लगाए गंभीर आरोप**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल और असम विधानसभा चुनावों को लेकर राजनीतिक बयानबाज़ी तेज हो गई है। कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने चुनाव प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाते हुए चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर ही प्रश्नचिह्न लगा दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव के दौरान व्यापक स्तर पर अनियमितताएं हुई हैं, जो लोकतंत्र के लिए चिंताजनक संकेत हैं। उन्होंने कहा, सिर्फ दो-चार जगहों पर अनियमितताएं नहीं हुईं बल्कि पूरे बंगाल में हुई हैं। बंगाल और असम में जिस प्रकार से चुनाव हुआ वह लोकतंत्र पर कलंक है।

कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने शनिवार को कहा कि गड़बड़ियां केवल कुछ क्षेत्रों तक सीमित नहीं थीं, बल्कि पूरे पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रक्रिया प्रभावित हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में बड़ी संख्या में केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती के बावजूद निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित नहीं हो पाया। उनके अनुसार, करीब ढाई लाख केंद्रीय बलों की मौजूदगी के बावजूद जिस तरह की घटनाएं सामने आईं, वह लोकतंत्र पर 'कलंक' के समान हैं।

**चुनाव आयोग भाजपा का अग्रिम संगठन बना?**

कांग्रेस नेता ने यह भी दावा किया कि चुनाव ड्यूटी में ऐसे अधिकारियों को तैनात किया गया, जिनका झुकाव भारतीय जनता पार्टी की ओर है। उन्होंने मतगणना प्रक्रिया को लेकर भी आशंका जताई और कहा कि वहां भी पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया जा सकता है। इसी संदर्भ में उन्होंने तीखा सवाल उठाते हुए कहा, 'क्या चुनाव आयोग भाजपा का कोई अग्रिम संगठन बन गया है?'

उन्होंने आगे आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी किसी भी स्थिति में पश्चिम बंगाल में सत्ता हासिल करना चाहती है। अल्वी ने यह भी कहा कि यदि राज्य में भाजपा की सरकार बनती है, तो यह देश के लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा साबित हो सकता है।



फाल्टा में हुए विरोध प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि यदि टीएमसी कार्यकर्ता हिंसा या गड़बड़ी में शामिल हैं, तो चुनाव आयोग और तैनात पैरामिलिट्री बल क्या कर रहे हैं। उनके अनुसार, चूंकि चुनाव के दौरान पूरा प्रशासन चुनाव आयोग के अधीन होता है, इसलिए किसी भी प्रकार की अव्यवस्था की जिम्मेदारी आयोग पर ही आती है।

## कमर्शियल सिलेंडर महंगा: मायावती बोलीं, जनता पर महंगाई की एक और मार

**लखनऊ (एजेंसी)।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व सीएम मायावती ने हाल ही में कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में हुई 993 रुपये की भारी वृद्धि पर अपनी गहरी चिंता जाहिर की है। उन्होंने इस बढ़ोत्तरी को आम जनता के लिए एक बड़ी मार बताकर कहा कि पहले से ही बढ़ती महंगाई से जूझ रहे गरीब और मध्यम वर्ग पर इस तरह का अतिरिक्त बोझ डालना जनहित के बिल्कुल खिलाफ है। बसपा प्रमुख ने केंद्र सरकार से मांग की है कि पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों को नियंत्रित रखने वाली नीति को लगातार जारी रखा जाए। उनका मानना है कि ऐसा करने से ही जनता को राहत मिल सकेगी और देश में बढ़ती महंगाई पर लगाम लगाई जा सकेगी। अपने एक्स पर लिखते हुए मायावती ने बताया कि देश में कमर्शियल सिलेंडर की भारी किल्लत के बीच, उसकी कीमत में एकमुश्त 993 रुपये की वृद्धि और उसका आम जनजीवन पर पड़ने वाला प्रभाव सभी मीडिया की सुर्खियों में है। उन्होंने इस आशंका पर चिंता जाहिर की कि जल्द ही रसोई गैस, पेट्रोल और डीजल सहित अन्य पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतें भी बढ़ सकती हैं, जिससे लोगों में बेचैनी व्याप्त है। मायावती ने कहा कि इसका वास्तविक कारण चाहे अमेरिका-इजराइल-ईरान युद्ध हो या कुछ और, केंद्र सरकार ने जिस तरह से राज्यों के विधानसभा चुनावों के मद्देनजर पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों को काफी हद तक नियंत्रण में रखा था, उसी नीति को वर्तमान में भी व्यापक जनहित और जनकल्याण के लिए जारी रखना चाहिए। उन्होंने इस देशहित में उचित बताया। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि वह पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में इस तरह की वृद्धि से देश के अधिकतर गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों पर पड़ने वाले प्रभाव का गंभीरता से आकलन करे और उसी के आधार पर अपनी नीतियों का निर्धारण करे ताकि जनता को वास्तविक राहत मिल सके।

# राजनीतिक पाला बदलना राघव चड्ढा को पड़ा भारी

**सोशल मीडिया पर अनफॉलो अभियान से जेन-जेड दे रही है झटका**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आम आदमी पार्टी के पूर्व पोस्टर बॉय राघव चड्ढा के लिए भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने का फैसला डिजिटल मोर्चे पर एक बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। चड्ढा, जो अपनी आधुनिक सोच और युवा छवि के लिए जाने जाते थे, इन दिनों सड़कों पर होने वाले प्रदर्शनों के बजाय एक अलग तरह के विरोध का सामना कर रहे हैं। अरविंद केजरीवाल और उनकी पुरानी पार्टी के समर्थकों ने अब सोशल मीडिया पर अनफॉलो बटन को अपना हथियार बना लिया है। विशेष रूप से जेनरेशन जेड के युवाओं के बीच उनकी घटती लोकप्रियता चर्चा का विषय बनी हुई है।



एक चार्टर्ड अकाउंटेंट से राजनेता बने राघव चड्ढा की पहचान हमेशा से एक एक्सेसिबल नेता की रही है। ब्लिंकिट डिलीवरी जैसे रोजमर्रा के उदाहरणों और सामान्य व्यवहार के कारण युवा उन्हें पुराने ढर्रे के राजनेताओं से अलग मानते थे। अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा के साथ उनके विवाह ने उन्हें एक ग्लैमरस पहचान भी दी, जिससे वे युवाओं के लिए एक पड़ोस के लड़के (बॉय नेक्स्ट डोर) वाली छवि में फिट बैठते थे। हालांकि, जानकारों का मानना है कि उनका अचानक पाला बदलना युवाओं को पुरानी और गंदी राजनीति की वापसी जैसा महसूस हुआ है, जिससे उनका मोहभंग हो रहा है।

राजनीतिक विशेषज्ञों के अनुसार, युवा मतदाताओं में छवि को लेकर बहुत संवेदनशीलता होती है। राजनीति विज्ञान के जानकारों का कहना है कि युवा सांसदों से अक्सर सार्वजनिक नैतिकता और स्वच्छ राजनीति की एक नई संस्कृति लाने की उम्मीद की जाती है। चड्ढा ने अपनी छवि एक ऐसे नेता के रूप में गढ़ी थी जो आम जनता के मुद्दों से सरोकार रखता है, लेकिन हालिया राजनीतिक घटनाक्रमों ने उनके समर्थकों को निराश किया है। विशेषकर जेन-जी विश्वासघात या व्यक्तिगत विशेषाधिकार को सुरक्षित रखने वाले राजनीतिक कदमों को आसानी से स्वीकार नहीं करती।

आज के दौर में डिजिटल दुनिया में किसी को अनफॉलो करना केवल एक तकनीकी क्रिया नहीं, बल्कि एक सशक्त राजनीतिक बयान बन गया है। यह बिना शोर मचाए अपनी असहमति दर्ज कराने का आधुनिक तरीका है। चड्ढा ने जो ऑनलाइन पहचान और साख बनाई थी, अब उसी के कारण उनके हर कदम की सूक्ष्मता से जांच हो रही है। सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स की संख्या में गिरावट यह स्पष्ट संकेत देती है कि डिजिटल युग में लोकप्रियता जितनी जल्दी मिलती है, उतनी ही जल्दी राजनीतिक निष्ठा बदलने पर छिन भी सकती है। चड्ढा के लिए अब चुनौती अपनी इस खोई हुई डिजिटल साख को फिर से हासिल करने की है।

## नीतीश कुमार ने छोड़ा सीएम आवास, 7 सर्कुलर रोड बना नया पता

**-लालू के पड़ोसी बने नीतीश**

**पटना (एजेंसी)।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 1 अणे मार्ग स्थित सीएम हाउस को खाली कर दिया है। अब वह अपने नए पते 7 सर्कुलर रोड पर शिफ्ट हो गए हैं। उनके बेटे निशांत कुमार भी इसी नए आवास में उनके साथ रहने वाले है। शनिवार को ही मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी उनसे मिलने 7 सर्कुलर रोड पहुंचे, जहां उप मुख्यमंत्री विजय चौधरी पहले से मौजूद थे। इन तीनों के बीच करीब बीस मिनट तक मंत्रिमंडल विस्तार पर चर्चा हुई। इससे पहले, सुबह नीतीश कुमार उप मुख्यमंत्री विजेंद्र यादव के आवास पर गए और करीब दस मिनट तक वहां रुके।

शुक्रवार को बुद्ध पूर्णिमा के शुभ मौके पर नीतीश कुमार ने अपने इस नए बंगले में विधिवत पूजा-अर्चना की थी। इस दौरान निशांत कुमार भी मौजूद रहे और पूजा के लिए विशेष रूप से बौद्ध भिक्षुओं को आमंत्रित किया गया था। पूजा के बाद वह वापस 1 अणे मार्ग लौट गए थे, लेकिन शनिवार सुबह तक उनके सामान को नए आवास में स्थानांतरित करने का काम जारी रहा। इस बंगले को फूलों से सजाया गया है और सुरक्षा के मद्देनजर यहां पहले ही जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा तैनात कर दी गई है।



बीते बीस सालों में यह दूसरी बार है जब नीतीश ने सीएम हाउस छोड़कर 7 सर्कुलर रोड वाले बंगले में कदम रखा है। इसके पहले 2014 के लोकसभा चुनाव में हार के बाद उन्होंने मुख्यमंत्री पद छोड़ दिया था और जीतनराम मांझी को मुख्यमंत्री बनाया था, तब वे करीब आठ महीने बंगले में रहे थे। 7 सर्कुलर रोड स्थित यह बंगला नीतीश ने अपनी विशेष देखरेख में तैयार करवाया है। यह आधुनिक तकनीक से निर्मित है और बड़े भूकंप के झटकों को सहने में सक्षम है। बंगले के लॉन को खास लुक देने के लिए कोलकाता से मंगवाकर घास लगाई गई है। यह आवास पहले मुख्यमंत्री के कार्यालय के रूप में उपयोग किया जा रहा था। इस नए आवास में शिफ्ट होने के साथ ही नीतीश और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव एक-दूसरे के पड़ोसी बन गए हैं। राबड़ी आवास यहां से बस दो घर बाद है, दोनों बंगलों के बीच करीब 200 मीटर की दूरी है और दोनों सर्कुलर रोड के दक्षिण तरफ स्थित हैं।

# भारत बनाएगा अग्नि-6 बैलिस्टिक मिसाइल और हाइपरसोनिक हथियार

**-यह मिसाइल पुरानी अग्नि श्रृंखला की तुलना में कहीं ज्यादा बेहतर रेंज**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** डीआरडीओ प्रमुख समीर वी कामत ने देश की रक्षा क्षमताओं को लेकर जानकारी दी जिसमें अग्नि-6 बैलिस्टिक मिसाइल और हाइपरसोनिक हथियारों के विकास की प्रगति शामिल है। उन्होंने बताया कि भारत की सबसे आधुनिक इंटरकांटिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-6 का कार्यक्रम शुरू करने के लिए डीआरडीओ पूरी तरह तैयार है और अब केवल केंद्र सरकार की मंजूरी का इंतजार है। यह मिसाइल पुरानी अग्नि श्रृंखला की तुलना में कहीं ज्यादा बेहतर रेंज और मारक क्षमता वाली होगी।

दिल्ली में आयोजित एक नेशनल सिक्योरिटी समिट में कामत ने भारत की बढ़ती सैन्य ताकत का विस्तृत खाका प्रस्तुत किया, जिसमें अग्नि-6 के साथ-साथ हाइपरसोनिक मिसाइलों पर तेजी से चल रहे काम को भी रेखांकित किया गया। उनका दावा है कि आने वाले समय में भारत की मिसाइल शक्ति विश्व की सबसे घातक ताकतों में से एक होगी। अग्नि-6 को भारत के रक्षा बेड़े की सबसे अहम कड़ी माना जा रहा है। यह हजारों किलोमीटर दूर बैठे दुश्मन को निशाना बनाने में सक्षम होगी।

डीआरडीओ प्रमुख ने संकेत दिया कि इसकी तकनीक मौजूदा प्रणालियों से कई गुना आगे है, और इसमें मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टार्गेटेबल री-एंट्री व्हीकल टेक्नोलॉजी होने की उम्मीद है। इसका अर्थ है कि एक ही मिसाइल एक साथ कई अलग-अलग ठिकानों पर हमला कर सकेगी। सरकार की मंजूरी मिलते ही भारत उन चुनिंदा देशों के क्लब में शामिल हो जाएगा जिनके पास यह अत्यंत घातक और लंबी दूरी की मिसाइल क्षमता है। समीर वी कामत ने हाइपरसोनिक ग्लाइड मिसाइल के बारे में भी अहम जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि भारत का एलआर-एएसएचएम कार्यक्रम अब उन्नत चरण में पहुंच चुका है, और बहुत जल्द इस हाइपरसोनिक मिसाइल का पहला परीक्षण किया जा सकता है। भारत वर्तमान में दो प्रकार की हाइपरसोनिक टेक्नोलॉजी पर काम कर रहा है। हाइपरसोनिक ग्लाइड मिसाइल और हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल। उन्होंने स्पष्ट किया कि ग्लाइड मिसाइल का विकास क्रूज मिसाइल की तुलना में काफी आगे है। इसकी गति इतनी प्रचंड होती है कि किसी भी रडार सिस्टम के लिए इसे पकड़ना करीब असंभव हो जाता है। हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल स्क्रैमजेट इंजन का उपयोग करती है और अपनी पूरी उड़ान के दौरान इंजन की शक्ति से संचालित होती है। भारत इन दोनों पर अनुसंधान कर रहा है, लेकिन ग्लाइड संस्करण का परीक्षण अब अत्यंत निकट है। यह उपलब्धि भारत को उन चुनिंदा देशों की सूची में खड़ा कर देगी जिनके पास हाइपरसोनिक हथियार मौजूद हैं। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने भी मल्टी-लेयर्ड मिसाइल डिफेंस की जरुरत पर जोर दिया है,



जिसमें कम दूरी, मध्यम दूरी और लंबी दूरी की मिसाइलों का मिश्रण होगा। डीआरडीओ प्रमुख के मुताबिक इस नई मिसाइल फोर्स में 2000 किलोमीटर तक की रेंज वाली बैलिस्टिक मिसाइलें, क्रूज और हाइपरसोनिक मिसाइलें शामिल होंगी। प्रलय जैसी शॉर्ट रेंज मिसाइलें अपने परीक्षण के अंतिम चरण में हैं और जल्द ही सेना का हिस्सा बन सकती हैं। यह समेकित तैयारी भारत की सामरिक शक्ति को एक नया और दुर्जेय आयाम प्रदान करेगी।


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक स्वामी मुद्रक एवं संपादक हरेश पंवार द्वारा शीतल प्रिंटिंग ऑफसेट, प्लॉट नंबर 245 , बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 से मुद्रित एवं प्रकाशित, मुद्रक मीना, संपादक हरेश पंवार, भीम प्रज्ञा मीडिया हाउस, बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 मो. 9983040937, –mail bheempragya@gmail.com